रोहतक
गुरुवार, 11 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 27, अंक : 350
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 13.4
न्यून. 5.7

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 22 से चार देशों का टूर्नामेंट, भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान




वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

भारत 25 साल के लक्ष्य पर काम कर रहा

# भारत भरोसेमंद मित्र, वृद्धि के इंजन के रूप में देखा जा रहा, दुनिया में उम्मीद की किरण बनकर उभरा

हम जल्द दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे

भाषा ▶▶ गांधीनगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कई अनिश्चितताओं के बीच भारत उम्मीद की एक 'नयी किरण' के रूप में उभरा है और दुनिया इसे स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ, एक भरोसेमंद दोस्त और वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि के इंजन के रूप में देखती है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत 'विश्वमित्र' के रूप में आगे बढ़ रहा है। 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के 10वें संस्करण के उद्घाटन के मौके पर मोदी ने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ साल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इस सम्मेलन में दुनिया की शीर्ष कंपनियों के प्रमुख और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग ले रहे हैं।

**खास बातें**

- विश्व समृद्धि और विश्व विकास का एक प्रमुख आधार
- अडाणी गुजरात में 5 साल में 2 लाख करोड़ निवेश करेंगे
- सम्मेलन में दुनिया की कई शीर्ष कंपनियों के प्रमुख पहुंचे



### प्राथमिकताएं स्पष्ट

भारत के 1.4 अरब लोगों की प्राथमिकताएं और आकांक्षाएं, मानव केंद्रित विकास पर उनकी आस्था, समावेशिता और समानता के लिए हमारी प्रतिबद्धता, विश्व समृद्धि और विश्व विकास का एक प्रमुख आधार है। 'भारत की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं। भारत की प्राथमिकताएं टिकाऊ उद्योग, बुनियादी ढांचा और विनिर्माण, नए युग के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, एआई और नवाचार, हरित हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और इसका पूरा पारिस्थितिकी तंत्र है।'

### अर्थव्यवस्था मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर आज मौजूद वैश्विक स्थिति में भारत की अर्थव्यवस्था में इतनी मजबूती और गति है तो इसके पीछे बड़ा कारण पिछले दशक में संरचनात्मक सुधारों पर हमारा ध्यान केंद्रित करना है। मोदी ने भारत-यूएई संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को श्रेय दिया। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

### भारत-यूएई के बीच कई समझौतों पर साइन हुए

पीएम मोदी ने कहा-इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और यूएई के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और यूएई ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। (पेज-7 भी देखें)

**ग्लोबल साउथ की आवाज** मोदी ने कहा कि भारत एक ऐसा साझेदार है, जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है और एक ऐसी आवाज है, जो वैश्विक भलाई में विश्वास करता है और वह 'ग्लोबल साउथ' की भी एक आवाज है।' 'दुनिया आज भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र और प्रतिभाशाली युवाओं के 'पावरहाउस' के रूप में देखती है।'

**74 से 149 एयरपोर्ट हुए :** भारत लॉजिस्टिक्स पर भी तेजी से काम कर रहा है। 10 साल पहले भारत में 74 एयरपोर्ट थे आज भारत में 149 एयरपोर्ट हैं। नेशनल हाईवे नेटवर्क दो गुना और मेट्रो ट्रेन नेटवर्क 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है।

## खबर संक्षेप

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर कहा कि डल्यूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। संजय ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार खेल मंत्रालय हमारी गतिविधियां नहीं रोक सकता। भाषा

### प्रोफेसर का हाथ काटने का मुख्य आरोपित काबू

**कन्नूर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 13 साल पहले ईशनिंदा के लिए केरल में प्रोफेसर का हाथ काटने के मामले में अंतिम और मुख्य आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इडुक्की जिले के थोडुपुझा में न्यूमैन कॉलेज के प्रोफेसर टीजे जोसेफ का दाहिना हाथ चार जुलाई, 2010 को प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी संगठन पीएफआई के कार्यकर्ताओं ने काट दिया था। भाषा

### कोविंद समिति को 5000 से अधिक सुझाव मिले

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर गठित समिति को एक साथ चुनाव कराने के संबंध में लोगों से 5,000 से अधिक सुझाव मिले हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले हफ्ते उच्च-स्तरीय समिति ने 'देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मौजूदा कानूनी प्रशासनिक ढांचे में उचित बदलाव करने के संबंध में' जनता से सुझाव आमंत्रित किए थे। भाषा

### पंकजा मुंडे की शुगर फैक्ट्री नीलाम होगी

**मुंबई।** यूनियन बैंक ने महाराष्ट्र के बीड जिले में स्थित वैधनाथ चीनी फैक्ट्री को नीलामी करने का नोटिस जारी किया है। बीजेपी नेता पंकजा मुंडे इस फैक्ट्री की अध्यक्ष हैं। दरअसल, शुगर फैक्ट्री के लिए 203 करोड़ रुपए का लोन लिया गया था, जिसे चुकाया नहीं गया है। इसलिए बैंक ने इसे नीलाम करने का फैसला लिया है। यह नीलामी 25 जनवरी 2024 को ऑनलाइन प्रक्रिया के जरिए होगी। एजेंसी

प्रदेश में कोल्ड डे का 10 साल का रिकॉर्ड टूटा

# 6 से 7 डिग्री तक गिरा दिन का पारा, सर्दी बढ़ी

**पारा मीटर**

| शहर | न्यू. | अधि. |
|---|---|---|
| फतेहाबाद | 5.7 | 11.9 |
| करनाल | 6.0 | 11.4 |
| हिसार | 6.2 | 13.4 |
| अंबाला | 6.5 | 10.8 |
| भिवानी | 6.5 | 15.3 |
| नारनौल | 6.5 | 17.0 |
| जींद | 6.6 | 12.1 |
| पानीपत | 6.7 | 11.9 |
| झज्जर | 6.9 | 11.9 |
| रोहतक | 7.0 | 12.1 |
| सिरसा | 7.0 | 14.6 |
| रेवाड़ी | 7.1 | 14.8 |
| सोनीपत | 7.2 | 11.9 |
| पंचकूला | 7.4 | 12.2 |
| महेंद्रगढ़ | 7.5 | 13.4 |


गुरुग्राम में सुबह के समय छाया कोहरा

**कसूता जाड्डा**

- कोहरे के साथ गिर रही ओस की फुहार
- **लोगों को बुरी तरह सता रहीं बर्फीली हवाएं**
- 25 दिसंबर से कोल्ड डे और सीवियर कोल्ड डे की स्थिति
- **अभी राहत की उम्मीद नहीं, शीतलहर और बढ़ेगी**

हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा

प्रदेश में 16 दिन से लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड ने कोल्ड-डे का 10 साल पुरान रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हाल यह हो गया है कि दिन के अधिकतम तापमान में 6 से 7 डिग्री तक की गिरावट देखी गई है। अधिकतर जिले ऐसे रहे, जहां धूप नहीं निकली। कोहरे के साथ पड़ने वाली ओस की फुहारों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि एक-दो दिन में कोहरे में कमी आएगी, लेकिन बर्फीली हवाएं खूब कंपकंपी छुटाएंगी। प्रदेश में अमूमन कोल्ड डे का समय 4 से 5 दिन का होता है, लेकिन इस बार 25 दिसंबर से कोल्ड डे और सीवियर कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। लोगों के हाड़ कंपकंपा रहे हैं।

**प्रदेश में फतेहाबाद सबसे ठंडा**

- कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का प्रदेश पर कोई खास असर नहीं दिखाई दिया।
- बुधवार को अधिकतर क्षेत्रों में बर्फीली हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़वाई।
- दोपहर बाद हिसार, भिवानी, नारनौल, सिरसा, रेवाड़ी, मेवात में कुछ देर हल्की धूप खिली, लोगों को मामूली राहत मिली।
- फतेहाबाद का रात्रि पारा 5.7 डिग्री दर्ज किया गया। रोहतक, सोनीपत, पानीपत, करनाल, झज्जर, अंबाला, यमुनानगर में शीत लहर चलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त।

### नमी बढ़ने से कोहरा

पिछले कई दिनों से कई जिलों में धुंध छाई हुई है। इस वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान में एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पूर्वी राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश व दक्षिणी उत्तर प्रदेश कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। लगातार नमी बढ़ने से कोहरे के घनत्व में बढ़ोतरी हुई है। इन क्षेत्रों में सघन कोहरे के साथ ओस की फुहार भी बरस रही है।

**15 तक खुश्क रहेगा मौसम:** प्रदेश में मौसम आमतौर पर 15 जनवरी तक खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान 13 व 14 जनवरी को हल्के बादल छा सकते हैं। इस दौरान हल्की गति से उत्तर पश्चिमी शीत हवाएं चलने की संभावना है, जिससे दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी रहने परंतु रात्रि तापमान में गिरावट होने की संभावना है ज्यादातर क्षेत्रों अलसुबह धुंध छाई रहेगी।

# स्पीकर का फैसला, शिंदे ही रहेंगे महाराष्ट्र के सीएम

उद्धव को झटका, एकनाथ समेत 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार

## स्पीकर नार्वेकर ने उद्धव के लिए गए फैसलों को अवैध बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में उद्धव ठाकरे को करारा झटका लगा है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पिछले काफी महीनों से चर्चा का विषय रहे इस मामले में अपना फैसला सुना दिया। सवा घंटे तक तमाम कानूनी पहलुओं और फैसलों का उल्लेख करने के बाद उन्होंने उद्धव गुट की उस मांग को खारिज दिया है, जिसमें सीएम एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की गई थी। नार्वेकर के फैसले के बाद शिंदे सीएम की कुर्सी पर बरकरार रहेंगे। स्पीकर ने कहा कि शिंदे गुट ही असली



शिवसेना है। नार्वेकर ने न सिर्फ उद्धव गुट की अपील खारिज की बल्कि पार्टी प्रमुख के तौर उनके द्वारा लिए गए फैसलों पर भी सवाल खड़े किए। नार्वेकर ने कहा कि शिवसेना (एकीकृत) के संविधान के मुताबिक शिवसेना अध्यक्ष (उद्धव ठाकरे) को शिंदे को नेता पद से हटाने का हक नहीं था।

**यह खास**

- शिवसेना में टूट के 18 माह बाद विधानसभा स्पीकर ने सीएम शिंदे समेत उनके गुट के 16 विधायकों की सदस्यता बरकरार रखी।
- उद्धव गुट के 14 विधायकों की सदस्यता भी बरकरार रखी है।
- शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। चुनाव आयोग ने भी यही फैसला दिया था।
- संजय राउत बोले, फैसला उम्मीद के विपरीत है। हम इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। स्पीकर का नारको टेस्ट करवाया जाए।

# दिव्या हत्याकांड में आरोपितों के विदेश भागने की आशंका

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** मॉडल दिव्या पाहुजा की लाश ठिकाने लगाने के आरोपित बलराज गिल और रवि बंगा का पुलिस ने लुक आउट सर्कुलर जारी कर दिया है। दोनों के विदेश भागने की आशंका के बीच पुलिस ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम भी रखा है दिव्या हत्याकांड के मास्टरमाइंड होटल मालिक अभिजीत, उसकी गर्लफ्रेंड मेघा और लाश होटल से बाहर तक ले जाने में मदद करने वाले ओमप्रकाश और हेमराज को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



- रवि व बलराज के खिलाफ लुकआउट नोटिस
- दोनों पर बीएमडब्ल्यू में शव ले जाने के आरोप

**दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित**

### मेघा पर आरोप

मेघा कत्ल के बाद अभिजीत के बुलाने पर गुरुग्राम के होटल सिटी पॉइंट आई थी। मेघा ने ही दिव्या का आई-फोन और पिस्टल के अलावा अन्य अहम सबूत नष्ट करने में अभिजीत की मदद की।

# पंचकूला में ईडी की छापेमारी 2.12 करोड़ की नकदी जब्त

अवैध खनन से जुड़े मामले में कार्रवाई

**पंचकूला/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने पंचकूला में कथित अवैध खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत कई स्थानों पर छापेमारी के बाद 2.12 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और अपराध में इस्तेमाल दस्तावेज जब्त किए हैं। मंगलवार को हरियाणा, चंडीगढ़ और झारखंड में आठ स्थानों पर तिरुपति रोडवेज, गुरप्रीत सिंह सभरवाल, लखमीर सिंह सभरवाल, प्रदीप गोयल, मोहित गोयल और अन्य के परिसरों पर छापेमारी शुरू की गई थी।

### यह है मामला

धनशोधन का मामला रत्तेवाली गांव (पंचकूला) में /"अवैध/" खनन के मामले में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें रेत, बजरी, चट्टानी पत्थर के अत्यधिक खनन से हरियाणा सरकार को कम से कम 35 करोड़ रुपये के राजस्व का /"नुकसान/" हुआ है।

**विरोध** कांग्रेस ने कहा-यह भाजपा और आरएसएस का आयोजन

चुनावी लाभ के लिए अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन कर रहे

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाएंगे सोनिया और खरगे

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल नहीं होंगे, क्योंकि यह भाजपा और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ(आरएसएस) का आयोजन है। 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं तथा धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक 'राजनीतिक परियोजना' बना दिया है।

**भाजपा का निशाना**

- कांग्रेस का कार्यक्रम में शामिल नहीं होना आश्चर्य नहीं
- उन्होंने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया



**मिला था निमंत्रण**

22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए कांग्रेस के तीन प्रमुख नेताओं खरगे, सोनिया और चौधरी को निमंत्रित किया गया था। रमेश ने कहा, ''2019 के माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करते हुए एवं लोगों की आस्था के सम्मान में मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी एवं अधीर रंजन चौधरी भाजपा और आरएसएस के इस आयोजन के निमंत्रण को ससम्मान अस्वीकार करते हैं।'

### भाजपा का हमला

भाजपा नेता नलिन कोहली ने कहा कि कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में राम मंदिर के लिए कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को नकार दिया और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई में देरी की। इसलिए, कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक तौर पर यह कहना कि वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होगी, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

नोएडा में 36 साल के इंजीनियर की मौत, सीपीआर दिया फिर भी नहीं बचे

बल्लेबाज विकास रन लेने के लिए दौड़े, आधी पिच पर हांपने लगे और गिर पड़े

# रन लेते समय बल्लेबाज को आया हार्ट अटैक, पिच पर ही गई जान

**गौतम बुद्ध नगर (एजेंसी)।** नोएडा में क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते समय पिच पर ही एक बल्लेबाज की मौत हो गई। वह रन लेने के लिए दौड़े तो आधी पिच तक पहुंचते-पहुंचते हांफने लगे। फिर लड़खड़ाकर बेहोश होकर गिर पड़े। साथी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने सीपीआर दिया, लेकिन रिस्पांस नहीं हुआ तो तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम विकास नेगी है उम्र 36 साल थी। वह दिल्ली की एक कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करता था। रविवार को हुई इस घटना का मंगलवार शाम वीडियो सामने आया है।

**दु:खद**

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल
- नेगी की तबीयत बिल्कुल ठीक थी, साथी स्तब्ध



**रन लेने दौड़े...मौत:** सेक्टर-135 स्थित स्टेडियम में रविवार को कारपोरेट लीग में मैवरिक्स इलेवन और ब्लैजिंग बुल्स का मैच चल रहा था। मैवरिक्स टीम की तरफ से उमेश कुमार और विकास बल्लेबाजी कर रहे थे। 14वां ओवर चल रहा था। उमेश ने शॉट खेला। विकास नॉन-स्ट्राइकर एंड से रन लेने के लिए दौड़े। लेकिन,आधी पिच तक पहुंचते तभी गेंद बाउंड्री पार पहुंच गई। विकास ने उमेश को बधाई दी। लौटकर आने लगे तो लड़खड़ाकर गिर गए। हार्ट अटैक से पहले विकास 7 रन बनाए ।

### बिल्कुल ठीक थे

साथी खिलाड़ियों ने बताया कि विकास मैच खेलने से पहले बिल्कुल ठीक था। अंदाजा नहीं था कि उनकी तबीयत खराब है। यह सब कुछ अचानक हुआ। किसी को कुछ समझ नहीं आया। विकास मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले थे। वह दिल्ली के रोहिणी इलाके में रहते थे।

### यह बोली पुलिस

एसएचओ सरिता मलिक ने बताया कि विकास को क्रिकेट खेलने के दौरान अटैक आया और मौत हो गई। यह भी पता चला है कि सेकंड लहर में कोविड हुआ था। परिवार से बात की गई है। उन्होंने कोई तहरीर नहीं दी है।

## खबर संक्षेप

### अपूर्व एचवीपीएनएल के अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अध्यक्ष होंगे। बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के सिंह को यह जिम्मेदारी बुधवार को जारी आदेशों में दी गई है। अब से पहले हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम सहित चारों कंपनियों का कामकाज बतौर अध्यक्ष पी के दास देख रहे थे। अब इनमें से एक कंपनी अपूर्व कुमार सिंह और बाकी कंपनियों का काम पीके दास देखेंगे।

### आप नेता तंवर की पार्टी छोड़ने की चर्चाएं

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रहे अशोक तंवर आम आदमी पार्टी को बाय-बाय कर जल्द भाजपा ज्वाइन कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली में तंवर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से एक निजी होटल में मुलाकात भी की है पूर्व सांसद अशोक तंवर के आम आदमी पार्टी छोड़ने की चर्चाएं पिछले कई दिनों से लगातार जारी है। तंवर जल्द पार्टी छोड़ने का ऐलान कर सकते है। चर्चा है कि भाजपा उन्हें अंबाला से टिकट दे सकती है।

### न्यायिक अधिकारी को बर्खास्त करने की सिफारिश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक न्यायिक अधिकारी को सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की है , जबकि दूसरे की सेवाओं को निलंबित कर दिया है। यह निर्णय कार्यवाहक चीफ जस्टिस रितु बाहरी और हाई कोर्ट के जजों की फुल कोर्ट बैठक में लिए गए। फुल कोर्ट ने हरियाणा कैडर के अधिकारी अनमोल सिंह नायर को न्यायिक सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की, जबकि पंजाब कैडर के अधिकारी तरसेम मंगला, प्रधान जिला न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फरीदकोट की सेवाओं को निलंबित कर दिया है। हरियाणा-कैडर के अधिकारी, नायर जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण में सचिव के रूप में तैनात थे।

### एचएसएससी पर एक लाख रुपये का जुर्माना

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने डीम्ड विश्वविद्यालय, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (जेएनवी), उदयपुर से आर्ट एंड क्राफ्ट में दो साल का डिप्लोमा रखने वालों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने शिक्षकों के पूर्ण परिणाम को संशोधित करने का भी निर्देश दिया है।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई 12 को

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्यवाही 12 को उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी।

### पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा

**सिरसा/ चंडीगढ़।** सिरसा से सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन का प्राथमिक दायित्व है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद का उद्देश्य भी यहीं है कि ग्रामीणों को उनके गांव में ही योजनाओं की जानकारी दी जाए।

# सूरजकुंड हस्तशिल्प मेले का राष्ट्रपति करेंगी उद्घाटन

## 2 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित होगा हस्तशिल्प मेला

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दिया निमंत्रण**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला, फरीदाबाद का इस बार उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति को सूरजकुण्ड हस्तशिल्प मेला-2024 का व्यक्तिगत निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। यह मेला दो फरवरी से 18 फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बताया कि सूरजकुण्ड मेले का उद्घाटन करने के उनके निमंत्रण को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। वे 2 फरवरी को इस मेले का विधिवत उद्घाटन करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से प्रदेश सरकार के प्रयासों को और अधिक हौसला मिलेगा।

### वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे मुख्यमंत्री मनोहर लाल

मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होने वाले वाईब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में शिरकत करेंगें। उन्होंने बताया कि गुजरात में हर दो वर्ष में वाईब्रेंट गुजरात ग्लोबल सम्मिट कार्यक्रम होता है। यह कार्यक्रम नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए शुरू किया था। इसमें देश-विदेश के निवेशक भाग लेते हैं और अलग-अलग क्षेत्र के लोग वहां चर्चा के लिए पहुंचते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि उनके वहां पर कई कार्यक्रम रखे गए हैं। इस कार्यक्रम में अफ्रीकन देशों से हरियाणा का कैसे जुड़ाव हो सकता है और वहां के लोग यहां क्या योगदान दे सकते हैं, शिक्षा, टेक्नोलॉजी आदि विषयों पर चर्चा होगी और हम अफ्रीकन देशों में कृषि क्षेत्र में किस प्रकार से मददगार हो सकते हैं।



चंडीगढ़। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुके भेंट करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

### हरियाणा से अयोध्या के लिए चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सदियों से देशवासियों को इस दिन का इंतजार था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो और अब वह घड़ी आ गई है, जब मंदिर पूर्णतया बनकर तैयार है। इस मंदिर में 22 जनवxरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। इस भव्य मंदिर के उद्घाटन अवसर पर स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित होंगे। पूरे देश के जनमानस में खुशी की लहर है। आज देश में वैसा ही माहौल है जैसा सदियों पहले भगवान रामचन्द्र की लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर था। वैसा ही देश में 22 जनवरी को दीपावली जैसा वातावरण रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन रहेगा। उन्होंने इस मौके पर सभी को इस दिन की शुभकामनाएं दी।

# 15 को लॉन्च होगा घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान : हुड्डा

**चंडीगढ़।** प्रदेश में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचना है। चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस भवन में पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया ने की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, पार्टी विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस वॉलिंटियर्स बैठक में शामिल हुए। इस मौके पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस की हवा स्पष्ट महसूस की जा सकती है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मेवात और पानीपत में कांग्रेस ने रिकॉर्ड तोड़ रैलियां की।

- **चुनावी मोड में काम कर रही कांग्रेस, रैलियां व वन-टू-वन संवाद चलेगा साथ-साथ- दीपक बाबरिया**






### चुनावी मोड में पार्टी : बाबरिया

दीपक बाबरिया ने बताया कि हरियाणा कांग्रेस लगातार चुनावी मोड में कार्य कर रही है। 14 तारीख से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने जा रही है। इसे भी भारत जोड़ो यात्रा की तरह ऐतिहासिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। ठीक इसके अगले दिन हरियाणा कांग्रेस की तरफ से नए अभियान की शुरुआत कर दी जाएगी। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब हर घर कांग्रेस अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा।

# पटवारियों की हड़ताल में करोड़ों का नुकसान



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपने हकों के लिए लोग आवाज उठा रहे है, धरना, प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे है बावजूद इसके सरकार सब कुछ देखकर और सुनकर भी गूंगी बहरी बनी हुई है, ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं हैं। आए दिन मांगों को लेकर किसान, कर्मचारी, डॉक्टरों हड़ताल होती रहती है और अब प्रदेश के पटवारी और कानूनगो मांगों को लेकर हड़ताल पर है पर सरकार अब भी कानों में मेल डालकर बैठी हुई है, इस हड़ताल से राजस्व विभाग में सारे कामकाज ठप है टेबल पर फाइलों के ढेर लगे हुए हैं। सरकार रोजाना करोड़ों के राजस्व का नुकसान को हो रहा है आखिर यह सरकार चाहती क्या है। सैलजा ने कहा है कि सरकार का काम आम जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना होता है।

# कार सेवकों के परिवारों को किया सम्मानित



चंडीगढ़/ गुरुग्राम। श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चली आंदोलन की बयार में अपना सर्वस्व दांव पर लगाने वाले कार सेवकों को हिंदू व सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। मौजीज लोगों ने कार सेवकों को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की राह प्रशस्त करने वाली सेना के सदस्य बताकर उन्हें नमन किया। सभी कार सेवकों को निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर का सजीव चित्र भी विशेष तौर पर भेंट किया गया।विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व कई दूसरे सामाजिक संगठनों की गुरुग्राम जिले की टीम ने वर्ष 1990 में कार सेवा के लिए जाने वाले लोगों के प्रयासों को मान देने के लिए विशेष अयोजन किया।

# हरसैक के सहयोग से अवैध खनन की निगरानी करेगा विभाग : कौशल



चंडीगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खान और भूविज्ञान विभाग नियंत्रण और निगरानी केंद्र स्थापित करने के लिए हरसैक के साथ मिलकर काम कर रहा है। मुख्य सचिव यहां खान एवं भूविज्ञान पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। अवैध खनन रोकने के लिए अपनाई जा रही अत्याधुनिक तकनीक कौशल ने कहा कि कृषि क्षेत्रों में पराली जलाने की निगरानी के लिए उपयोग किए गए सफल एप्लिकेशन से प्रेरणा लेते हुए यह केंद्र अवैध खनन में वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करेगा।कौशल ने संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करने के लिए जिला कार्यालयों और खनन स्थलों पर एक स्थिर और मोबाइल पुलिस बल तैनात किया जाएगा। अवैध खनन को हर हाल में रोका जाएगा।

# पैक्स में खुलेंगे जन औषधि केंद्र

**चंडीगढ़।** मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई शुरुआत की जा रही है। पैक्स के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पहुंच, ईंधन उपलब्धता और समग्र सेवा वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। यहां राज्य स्तरीय सहकारी विकास समितियों की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद उन्होंने कहा कि 84 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) ने पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों का संचालन की सैद्धांतिक मंजूरी हासिल कर ली है। इसके अतिरिक्त, पेट्रोल और डीजल आउटलेट की स्थापना के लिए छह पैक्स को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब सभी पंचायतें पैक्स के दायरे में आ गई हैं।कौशल ने कहा कि 7 पैक्स यमुनानगर में कैल और गुंडियाना, कुरूक्षेत्र में धुराला और उमरी, हिसार में बास कृष्णा, नारनौंद किसान और मतलोडा के लिए ड्रग लाइसेंस हासिल कर लिया है।

# अर्जुन अवार्डी किए सम्मानित

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अर्जुन अवार्ड से पुरस्कृत प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी व कोच मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करने आए थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती) व दीक्षा डागर (गोल्फ) को बधाई दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन खिलाड़ियों से सुझाव मांगे कि किस प्रकार से हरियाणा में खेलों को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पर खिलाड़ियों ने हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है।

# 2002 में भर्ती एचसीएस मामले में सुनवाई दो मई तक स्थगित

**चंडीगढ़।** 2002 में चौटाला शासन काल में 65 एचसीएस अधिकारियों की नियुक्तियों का ओरिजनल रिकार्ड मांगने की सरकार की मांग पर हाईकोर्ट ने सुनवाई 2 मई तक स्थगित कर दी है। इन अधिकारियों की उत्तर पुस्तिकाओं की ओरिजिनल कापी के लिए विजिलेंस को अब इंतजार करना होगा। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को जानकारी दी गई कि इस मामले में चार जुलाई को चालान पेश किया जा चुका है और एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए ओरिजिनल कापी जरूरी है जो हाई कोर्ट के पास रिकार्ड में रखी गई है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने याची पक्ष को सलाह दी कि वह प्रस्तुत किए गए चालान का अध्ययन करने के लिए ट्रायल कोर्ट के समक्ष आवेदन करे।

# एसीएस को रिमाइंडर, 99 पर गाज के बाद थमा कार्रवाई का पहिया

**पुलिस जांच अधिकारियों के निलंबन का मामला**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

99 लापरवाह जांच अधिकारियों पर गाज के बाद कार्रवाई थम जाने के मामले में गृह मंत्री अनिल विज ने एसीएस (अतिरिक्त मुख्य सचिव)को रिमाइंडर भिजवाकर जवाब मांग लिया है। पूरे मामले में जांच और आगे की कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।गृहमंत्री आफिस की ओर से गत दिवस इस बारे में एसीएस होम को पत्र लिखकर लापरवाह जांच अधिकारियों में मात्र 99 पर गाज गिराने के बाद में कार्रवाई रोक दिए जाने को लेकर जहां विस्तृत ब्योरा देने को कहा है। वहीं, उक्त पूरे मामले में अगर दोषियों की संख्या 372 नहीं थी, तो उक्त रिपोर्ट गलत तैयार करने और सरकार को गुमराह करने वाले पुलिस अफसरों पर क्या कार्रवाई हुई।

### गृहमंत्री अनिल विज ने एसीएस को सौंपी थी जांच



यहां पर बता दें कि गृह मंत्री अनिल विज ने एसीएस गृह को पूरे मामले जांच सौंपी गई थी।जिसके बाद में लापरवाह जांच अधिकारियों के मामले में दूध का दूध पानी का पानी होने की उम्मीद बंधी हुई थी।साथ ही यह भी तय था कि 372 लापरवाह पुलिस कर्मियों के मामले में रिपोर्ट देने वाले कुछ पुलिस कप्तानों पर शिकंजा कसना तय था। यहां पर यह भी याद रहे कि 13 जिलों में लापरवाही करने वाले 99 अधिकारियों का भी निलंबन हो चुका था। गृह मंत्री द्वारा लापरवाह 99 जांच अधिकारियों पर शिकंजा कसने की कार्रवाई उसके बाद में आगे नहीं बढ़ सकी है।

### सरकार को मिसलीड करने का आरोप

गृह मंत्री ने मामले में सरकार को मिसलीड करने को लेकर गृह सचिव को जांच के आदेश दिए थे, क्योंकि पुलिस अफसरों की ओर से दावा किया जा रहा है कि लापरवाह जांच अफसरों की संख्या 372 नहीं बल्कि यह तो 99 ही थी। विज ने साफ कर दिया है कि या तो पहली रिपोर्ट झूठी थी, या अब कार्रवाई करने के बजाय लीपापोती की जा रही है। दूसरा, अनिल विज ने साफ कर दिया है कि फिलहाल, यह रिपोर्ट 13 जिलों तक सीमित थी, क्योंकि बाकी 9 जिलों के एसपी ने साफ कर दिया था कि उनके यहां पर एक साल से ज्यादा वाली एफआईआर में कार्रवाई हो चुकी है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी, जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण/ स्टेशन का नाम | ई–कैटलॉग सं. | लोट सं. | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजपुरा रेलवे स्टेशन पर LED Screens द्वारा वाणिज्य विज्ञापन ठेका, RDN (Digital) पालिसी के तहत | UMBAdvtLCRD0123 | ADVT-UMB-RPJ-OSD 177-22-1 | 12.01.2024 को 11.00 बजे |
| 2 | LC gates /RUBs /LHS पर युनिपोल्स/बोर्ड्स/ होर्डिंग्स द्वारा वाणिज्य विज्ञापन करने हेतु ठेका | | ADVT-UMB-CDG-OH290-23-3 | |
| | | | ADVT-UMB-DUI-OH260-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-GDB-OH284-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-PTA-OH259-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-SIR-OH282-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-BTI-OH283-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-CDG-OH291-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-RPAR-OH258-23-1 | |
| | | | ADVT-UMB-SRE-OH281-23-1 | |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। 97/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल ढुलाई सेवाएं, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी। भारत के राष्ट्रपति की ओर से 02 वर्षों की अवधि के लिए अंबाला मंडल में विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक वैन के एसएलआर/एसएलआरडी कम्पार्टमेंट में पार्सल स्पेस (4 एमटी/3.9 एमटी) को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई–नीलामी लीजिंगः के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. | नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय | नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMBParcel012024(25 lots) | 17.01.2024 / 10:00 | 17.01.2024 / 14:30 |
| 2. | UMBParcel0224(23 lots) | 18.01.2024 / 10:00 | 18.01.2024 / 14:10 |

बयाना राशि (EMD) - बोली का 5% (सालाना गणना)

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | UMBParcel012024(25 lots) | | |
| 1 | 12312 (FSLR-I) | 9 | 12411 (FSLR-I) |
| 2 | 12312 (FSLR-II) | 10 | 12241 (FSLR-I) |
| 3 | 22456 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 11 | 12232 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 4 | 14503 (FSLR-I & RSLR-I) | 12 | 22356 (FSLR-I) |
| 5 | 12006 (FSLR-I) | 13 | 14218 (FSLR-II & RSLR-I) |
| 6 | 12012 (FSLR-I) | 14 | 12528 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 7 | 12046 (FSLR-I) | 15 | 12450 (FSLR-I) |
| 8 | 14629 (FSLR-I & RSLR-I) | 16 | 22686 (FSLR-I) |

| क्र. सं. | नीलामी केटलाग सं. एवं गाड़ी का विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | UMBParcel0224(23 lots) | | |
| 1 | 14242 (RSLR-I) | 6 | 14524 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 2 | 12688 (FSLR-I & RSLR-I) | 7 | 14732 (FSLR-I & RSLR-I) |
| 3 | 14613 (FSLR-I & RSLR-I) | 8 | 19412 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 4 | 14522 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 9 | 14054 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) |
| 5 | 14525 (FSLR-I, FSLR-II & RSLR-I) | 10 | 14506 (FSLR-I) |

ई–नीलामी में भाग लेने या ई–नीलामी से संबन्धित किसी अन्य जानकारी, जैसे कि एक–बार पंजीकरण, एस.बी.आई. चालू खाते को आई.आर.ई.पी.एस. से जोड़ने, पुनग्रहणाधिकार राशि को चिन्हित करने, इत्यादि हेतु, भावी बोलीदाताओं को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

सं.: NR-UMBOCOML(PLTN)/1/2023-0/o DCM1/UMB/NR 93/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**निदेशालय मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला**

**सार्वजनिक सूचना**

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के दाखिले कक्षा चौथी से बारहवीं में सरकारी विद्यालयों से निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में मुख्यमंत्री समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (CHEERAG) स्कीम के तहत करने बारे।**

**शैक्षणिक वर्ष 2024-25**

यह सूचना, हरियाणा राज्य के निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं जनसाधारण की जानकारी के लिये है कि हरियाणा सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में जिनके अभिभावकों की वार्षिक सत्यापित आय परिवार पहचान पत्र अनुसार **1 लाख 80 हजार रूपए या उससे कम है,** उनके दाखिले कक्षा **चौथी से बारहवीं तक** निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में करवाये जाने बारे समय सारणी जारी की जाती है जो निम्नानुसार हैः-

1. मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय इस स्कीम के अंतर्गत छात्रों के दाखिले करने बारे अपनी सहमति विभाग की वैबसाईट https://harprathmik.gov.in/ व https://schooleducationharyana.gov.in पर Latest News सैक्शन के Seat Declaration under CHEERAG Scheme (2023-24) पर दिनांक **10.01.2024 से 10.02.2024 तक** दर्ज करवा सकते हैं।
2. सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की कक्षावाईज घोषित सीटों का विवरण विभागीय वैबसाईट / पोर्टल पर दर्शाया जाएगा व सम्बन्धित विद्यालय **दिनांक 10.03.2024** से नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करेगा।
3. इस स्कीम के तहत केवल वही छात्र पात्र होंगे, जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त या उत्तीर्ण की होगी।
4. सम्बन्धित निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आवेदन करने की तिथि **दिनांक 15.03.2024 से 31.03.2024 तक** होगी तथा वे अपने वर्तमान खण्ड जिसमें वह पहले से पढ़ रहे हैं, में ही आवेदन करेंगे।
5. जिन विद्यालयों में दर्शायी गई सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो उस स्थिति में दाखिले हेतु लाटरी के माध्यम से **दिनांक 01.04.2024 से 05.04.2024 की** अवधि में ड्रॉ निकाले जाएँगे तथा सम्बन्धित अभिभावकों को लॉटरी ड्रॉ निकालने के समय / तिथि बारे सूचित करेंगे तथा उनकी उपस्थिति में ड्रॉ निकाला जाएगा।
6. मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर **दिनांक 01.04.2024 से 10.04.2024 तक** दाखिले की प्रकिया सम्पन्न करेंगे तथा सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शायेंगे।
7. लॉटरी ड्रा के पश्चात मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला न लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले **दिनांक 15.04.2024 तक** किये जाएंगे तथा इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर **दिनांक 01.04.2024 से 15.04.2024 तक** दर्ज कराना आवश्यक होगा।

हस्ता/-
निदेशक मौलिक शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला।

पीआरडीएच-1132/11/59/2024/24061/88/6 दि. 10/01/24

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**

**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**(www.hssc.gov.in)**

**विज्ञा. सं. 3/2023 के ग्रुप नं. 16, 22, 23, 30 और 47 हेतु लिखित परीक्षा की अंतरिम उत्तर कुंजियों पर आपत्ति आमंत्रण के लिये उम्मीदवारों को सूचना**

उपरोक्त ग्रुपों के लिये भर्ती हेतु आयोग द्वारा 30.12.2023 और 31.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र और सायंकालीन सत्र) को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।
आयोग उपरोक्त लिखित परीक्षाओं की उत्तर कुंजी आज अर्थात 10.01.2024 को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर अपलोड कर चुका है। यदि कोई उम्मीदवार किसी उत्तर के सम्बन्ध में कोई आपत्ति(यां) रखता/रखती है, वह अपनी आपत्ति(यां) जमा करवा सकता / सकती है। उम्मीदवार केवल निम्न वर्णित ग्रुपों हेतु अपनी आपत्ति ऑनलाइन जमा करवा सकता/सकती है।

| क्र. सं. | ग्रुप नं. | पेपर टेस्ट कोड | दिनांक, सत्र परीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप नं. 30 | सीजी–एफओ23 | 30.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | ग्रुप नं. 23 | सीजी–वीडी23 | 30.12.2023 (सायंकालीन सत्र) |
| 3. | ग्रुप नं. 22 | सीजी–एई23 | 31.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 4. | ग्रुप नं. 16 | सीजी–एसएन23 | 31.12.2023 (सायंकालीन सत्र) |
| 5. | ग्रुप नं. 47 | सीजी–ओए23 | 31.12.2023 (सायंकालीन सत्र) |

उम्मीदवार को नीचे दिये गये स्टेप्स का पालन करने की आवश्यकता है :

1. www.hssc.gov.in पर जाएं।
2. **"उत्तर कुंजी पर आपत्ति आमंत्रण (ग्रुप नं. 16, 22, 23, 30 और 47 परीक्षा तिथि 30.12.2023 और 31.12.2023)" बटन पर क्लिक करें।**
3. किसी उम्मीदवार द्वारा किन्हीं अन्य साधनों द्वारा उठाई गई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

उम्मीदवार अपनी आपत्ति (यां) 11.01.2024 से 13.01.2024 तक अप. 5.00 बजे तक जमा करवा सकता/सकती है। इसके पश्चात किसी आपत्ति पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को ग्रुप नम्बर, परीक्षा की तिथि, सत्र, पेपर टेस्ट कोड, सैट, आपत्ति का प्रकार, प्रश्न संख्या और साक्ष्य सहित उत्तर का स्रोत जिस पर निर्भर करते हुए आपत्ति उठाई गई है, सहित आपत्ति(यों) को स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समय अवधि के अंदर प्राप्त आपत्ति(यों) पर आयोग द्वारा विचार किया जाएगा और इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा तथा पेपर का मूल्यांकन तदनुसार किया जाएगा।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
पंचकूला

दिनांक : 10.01.2024
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/604/2024/24099/88/6 दि. 10.01.24

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्र संख्याः 128–डब्लू/280/निविदा सूचना/23–24/डब्लू–I (NIT-45&46) दिनांक 09.01.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (1) एसएसई/डब्ल्यू के तहत जेएचआई–पीएनपी खंड पर लेवल क्रॉसिंग नंबर 24, 28, 29, 31, 32, 33, 35, 37, 38, 51 और 53 पर एलएचएस के वॉटर प्रूफिंग उपचार सहित कवर शेड और ब्लांस कार्यो का प्रावधान/एडीईएन/पीएनपी के तहत पीएनपी। (2) एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/डब्ल्यू/पीएनपी के तहत डीयूके पीएनपी सेक्शन पर लेवल क्रासिंग नंबर 19, 20बी, 28, 31, 48 और 59 पर एलएचएस के वॉटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट सहित कवर शेड और ब्लांस कार्यो का प्रावधन। |
| अनुमानित लागत | (1) रू. 66530909.67/– (2) रू. 39704251.98/– |
| धरोहर राशि | (1) रू. 217800/– (2) रू. 348500/– यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 02.02.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 02.02.2024 को 15.00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.Gem.in पर उपलब्ध है |
| सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

**नोट :** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 94/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अलग-अलग चैंपियनशिप का ऐलान होने से असमंजस में देशभर के पहलवान

## डब्ल्यूएफआई प्रधान 29 से 31 जनवरी तक पुणे और एडहॉक कमेटी 2 से 5 फरवरी तक जयपुर में करेगी नेशनल चैंपियनशिप

- एचएडब्ल्यूए प्रधान 17 व 18 जनवरी को सोनीपत और महासचिव 13 और 14 जनवरी को हिसार में करेंगे स्टेट चैंपियनशिप


रवींद्र राठी ▸▸| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मैट पर दाव-पेंच लड़ाते उभरते हुए पहलवान। फोटो : हरिभूमि

ओलंपिक वर्ष में एक तरफ जहां दुनियाभर के पहलवान मैट पर पसीना बहा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ भारत में नेशनल चैंपियनशिप को लेकर लगातार उहापोह की स्थिति बनी हुई है। एक तरफ जहां भारतीय कुश्ती संघ के प्रधान संजय सिंह द्वारा 29 से 31 जनवरी तक महाराष्ट्र के पुणे में राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने का ऐलान किया गया है। वहीं दूसरी तरफ खेल मंत्रालय द्वारा गठित एडहॉक कमेटी ने 2 से 5 फरवरी तक राजस्थान के जयपुर में नेशनल चैंपियनशिप करवाने की घोषणा कर दी है। इससे पूरे देश के पहलवान असमंजस में हैं। नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप को लेकर निलंबित भारतीय कुश्ती संघ की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार 29 जनवरी से पुणे में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जबकि रविवार 7 जनवरी को एक पत्र जारी करते हुए खेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि निलंबित डब्ल्यूएफआई के पास सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। निलंबित भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता को गैर मान्यता प्राप्त माना जाएगा। पत्र के अनुसार इस प्रतियोगिता को जीतने वाले पहलवानों को कोई भी सरकारी लाभ नहीं मिलेगा। ऐसी ही स्थिति हरियाणा में भी बन गई है। हरियाणा एमैच्योर रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव राकेश सिंह ने 13 व 14 जनवरी को हिसार कृषि विश्वविद्यालय में स्थित साईं केंद्र में सीनियर स्टेट ओपन चैंपियनशिप करवाने का सर्कुलर जारी किया है। जबकि प्रधान रोहतास नांदल ने सोनीपत के गांव खेवड़ा की ओलंपियन अमित दहिया खेल अकेडमी में 17 व 18 जनवरी को स्टेट चैंपियनशिप आयोजित की है। एक तरफ प्रधान रोहतास नांदल ने महासचिव राकेश सिंह द्वारा 3 जनवरी को जारी पत्र को असंबंधित करार दिया है। उनके अनुसार सोनीपत में चयनित टीम ही जयपुर में 2 से 5 फरवरी तक होने वाली सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी। जबकि राकेश सिंह का दावा है कि रोहतास इस आयोजन के लिए सक्षम नहीं है। उनके अनुसार हिसार में चयनित टीम पुणे में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी।

### हम दोनों जगह भेजेंगे पहलवान



कुश्ती भारतीय परंपरा का प्रतीक है। भारतीय पहलवानों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाया है। खेलों के साथ राजनीति का खामियाजा खिलाड़ियों के साथ पूरे देश को भुगतना पड़ रहा है। खिलाड़ियों और पहलवानों का विश्वास जमाने के लिए सरकार को बहुत कुछ करना होगा। वर्तमान तारीखों के विवाद से पहलवान असमंजस में हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू की ऑब्जर्वेशन में डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए हैं। हमारे पहलवान दोनों जगह खेलने की तैयारी कर रहे हैं।
- कोच जयवीर, बुपनिया अखाड़ा

### राजनीतिक अखाड़ा न बनने दें



भारत ने कुश्ती में दुनिया में नाम कमाया है। लेकिन जिस तरह से कुश्ती का दौर चल रहा है, यह काफी निंदनीय है। चैंपियनशिप को लेकर अब तारीखों पर कोई स्पष्टता नहीं होने से पहलवानों पर मानसिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे हालात में कोई भी खिलाड़ी अपना उत्तम नही दे पाएगा। पहलवान वहां जाएंगे, जहां सरकार कहेगी। क्योंकि प्रमाण पत्र की वैधता ही पहलवानों की प्राथमिकता है। सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि खेल को सियासत से दूर रखे। ताकि खेल राजनीतिक का अखाड़ा न बनने पाए।
- कोच वीरेंद्र आर्य, छारा अखाड़ा

### यूडब्ल्यूडब्ल्यू को लिखा पत्र



यूडब्ल्यूडब्लयू के प्रधान नेनड लालोविक और महासचिव कारलोस रोय को 8 जनवरी को पत्र लिखा है। जिसमें बताया है कि हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायधीश की देखरेख में 21 दिसंबर को हुए चुनाव में संजय कुमार सिंह डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष चुने गए थे। लेकिन तीन दिन बाद ही भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई की गतिविधियों पर रोक लगा दी। इससे उभरते पहलवानों का भविष्य चौपट हो रहा है। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग से कुश्ती और पहलवानों के हित में हस्तक्षेप की मांग की है। - डॉ. राकेश सिंह, महासचिव, एचएडब्ल्यूए

## खबर संक्षेप

### जेसीबी की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**सांपला।** हसनगढ़ खुरमपुर मार्ग पर स्थित एक श्री बालाजी ईंट भट्टे पर जेसीबी की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बिहार निवासी मृतक के पिता उमेश के बयान पर जेसीबी चालक पिंटू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार उमेश परिवार सहित श्री बालाजी ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है।

### पॉलिसी का लालच देकर ठगे 9.22 लाख

**यमुनानगर।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी में अधिक लाभ देने का लालच देकर साइबर ठगों ने सिविल लाइन निवासी उषा दुआ व उसके पति से नौ लाख साढ़े 22 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का अधिकारी बनकर उन्हें जाल में फंसाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पूर्व सैनिक से 7.54 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में पूर्व सैनिक से सात लाख 54 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पौली गांव निवासी पूर्व सैनिक रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि किस प्रकार से धोखाधड़ी हुई थी।

# फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाकर धरना दे रहे लोगों की पुलिस से हाथापाई, जबरदस्ती उठाया

## महिला ने पुलिस पर लगाया कपड़े फाड़ने का आरोप

- फर्जी एनकाउंटर में दो पुलिस कर्मी हो चुके हैं सस्पेंड
- ग्रामीण पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं, सोमवार को लघु सचिवालय के बाहर शुरू किया था धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी



चरखी दादरी। धरने पर बैठे सोनू के परिजन व ग्रामीण।



लघु सचिवालय परिसर से धरने पर बैठे लोगों उठाते पुलिस कर्मचारी।

प्रेम विवाह के बाद दंपति को गोली मारने के आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर गिरफ्तारी के बाद फर्जी मुठभेड़ दिखाकर गोली मारने व लाखों की रिश्वत लेने का आरोप लगाकर लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर धरना दे रहे लोगों व पुलिस के बीच बुधवार सुबह जमकर झड़प हुई। पुलिस ने धरना दे रहे लोगों को जबरन उठा दिया तथा गाड़ी में डालकर लघु सचिवालय के बहार छोड़ दिया। इसके बाद पार्किंग के समीप धरना दिया। गांव पिलाना निवासी एक लड़की ने दादरी जिला के गांव ऊण निवासी लड़के के साथ प्रेम विवाह किया था। जो दोनों लड़के के घर ऊण में रहते थे। लड़की के परिजन इस शादी से खुश नहीं थे। लड़की के पक्ष के कुछ लोगों ने नवंबर महीने में लड़के के घर में घुसकर गोली मार दी थी तथा लड़की का अपहरण कर लिया था। उसके बाद आरोपी लड़की को गोली मारकर खेतों में छोड़कर फरार हो गए थे। दोनों का रोहतक पीजीआई में उपचार करवाया था। पुलिस ने लड़के की शिकायत पर लड़की के पिता कुलदीप तथा उसके सहयोगी सोनू व परमजीत पर मामला दर्ज किया था। आरोपी सोनू को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार दिखाया था। जबकि परिजनों का आरोप है कि पांच लोगों की मौजूदगी में सोनू को पुलिस ने हिरासत में लिया था। लेकिन देर रात को गोली मार दी। परिजनों ने बताया की पुलिस ने आरोपी कुलदीप को झज्जर जिला के गांव नौगांव से गिरफ्तार किया था। उसी वक्त आरोपी सोनू व परमजीत को भी कुलदीप ने फोन कर बुला लिया था। पुलिस ने परिजनों व अन्य लोगों की मौजूदगी में तीनों को गिरफ्तार किया था। 19 नवंबर को पता चला कि पुलिस ने सोनू को गोली मार दी। जिसमें पुलिस ने आरोप लगाया कि सोनू ने गिरफ्तार करते वक्त फायरिंग की है। जवाबी कार्रवाई में सोनू के पैर में गोली लगी थी। सोनू को उपचार के लिए पीजीआई भर्ती करवाया गया था।

### पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ की साजिश रची

परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उसी रात पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ की साजिश रची तथा झूठी वाहवाही लूटने के लिए सोनू के पैर में गोली मार दी। परिजनों ने बताया कि जब वह पीजीआई में सोनू से मिले तो सोनू ने बताया कि पुलिस उसको गाड़ी में बिठाकर ले गई तथा आंखों पर पट्टी बांधकर उसके पैर में गोली मार दी। उन्होंने कहा कि पुलिस सोनू का फर्जी एनकाउंटर करना चाहती थी तथा अपना कसूर दबाने के लिए सोनू पर फायरिंग करने की झूठी कहानी रची।

### कार्रवाई नहीं तो जल्द होगा आंदोलन

धरने का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता संजीव तक्षक ने कहा कि पुलिस धरना समाप्त करवाकर अपने गुनाह को छुपाना चाहती है। धरना देना आम आदमी का हक है। बुधवार सुबह पुलिस ने जबरन धरना समाप्त करवाना चाहा तथा उनके साथ धक्का मुक्की की। पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे बनाए जाने, बेवजह गोलियां चलान, डरा धमका कर परिवार से 10 लाख रुपये ठगे गए हैं। जिसके कारण परिजनों में काफी रोष है।

# वजन घटने से परेशान मां-बेटी नहर में कूदीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल



करनाल में मां-बेटी ने नहर में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। दोनों घर से स्कूटी पर नहर किनारे पहुंची थीं। गोताखोर नहर में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। दोनों का अभी सुराग नहीं लग पाया है। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उन्होंने वजन घटने से परेशान होने की बात लिखी है। सुभाष कॉलोनी के रहने वाले मनोज मल्होत्रा ने कहा कि मंगलवार को वह काम पर गया हुआ था। उसकी पत्नी मीनू (55) और बेटी मेघा (28) घर पर थी। उसकी दूसरी बेटी राधिका की शादी हो रखी है। शाम को जब वह घर आया तो मीनू और मेघा उसे नहीं मिली। घर पर एक्टिवा भी नहीं थी। उसे लगा कि दोनों कुछ सामान लेने के लिए गई होंगी। काफी देर तक मीनू और मेघा घर नहीं आई तो उसे टेंशन होने लगी। उसने घर में जांच की तो टेबल पर एक नोट पड़ा हुआ था। इसके बाद उसने इसकी सूचना रिश्तेदारों और पुलिस को दी।

# जींद में नाबालिग लड़की को बालिका वधु बनने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



शादी रुकवाने की कार्रवाई करती टीम।

बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम ने अपनी सतर्कता से एक बालिका को वधु बनने से बचाया है। टीम ने नाबालिग की शादी को रुकवा और साथ ही परिजनों को फिर से विवाह न करने के लिए चेताया। जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता को सूचना मिली थी कि जिले के जलालपुर कलां में एक नाबालिग लड़की की शादी हो रही है और लड़की की बारात कुंभा जिला हिसार से आएगी। इस पर कार्रवाई करते हुए सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान व अन्य मौके पर विवाह स्थल पर पहुंचे। इस पर लड़की के परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों ने पहले तो टाल मटोल करने की कोशिश की सबूत दिखाए गए उसमें लड़की की उम्र 17 वर्ष मिली।




# फतेहाबाद में फिर मिला संदिग्ध गुब्बारा पाकिस्तान एयरलाइंस का लगा है लोगो


- पुलिस गुब्बारे को कब्जे में लेकर कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद



जिले में पाकिस्तान एयरलाइन्स के लोगो लगे जहाजनुमा गुब्बारों का मिलने का सिलसिला जारी है। पुलिस भी इसे कुछ शरारती तत्वों की करतूत बता रही है। ऐसा ही एक गुब्बारा जिले के भट्टू खंड में बरामद हुआ है। भट्टू के गांव खाबड़ा कलां क्षेत्र के खेत में यह जहाजनुमा संदिग्ध गुब्बारा मिला है। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और गुब्बारे को कब्जे में ले लिया। आज मिला यह गुब्बारा बिलकुल वैसा ही है, जैसा 19 दिसंबर को गांव शेखुपुर दड़ौली व उससे पहले 2 नवंबर को गांव भूथन कलां में मिला था। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# पत्नी के प्रेमी और उसकी मां के हत्यारे पति व साथी को उम्रकैद



अप्रैल 2022 में दिया था दोहरे हत्याकांड को अंजाम

**हिसार।** एडीजे अमित सहरावत की अदालत ने पत्नी के प्रेमी और उसकी मां की हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद सुनाई है। दोनों दोषियों उत्तम नगर में रह रहे डाबड़ा निवासी संदीप व माल कॉलोनी में रह रहे गढ़ी निवासी प्रदीप पर 70-70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस मामले में दोनों को 4 जनवरी को अदालत ने दोषी करार दिया गया था। मामले के अनुसार दोषी संदीप की पत्नी निशा उसे छोड़कर अपने प्रेमी सुमित के साथ रहने लग गई थी। दोहरे हत्याकांड मामले में आजाद नगर थाना पुलिस ने 11 अप्रैल 2022 को केस दर्ज किया था। आजाद नगर पुलिस को दी शिकायत में मृतक के परिजन अमित ने बताया था कि मां उषा घर में किराना की दुकान चलाती थी। छोटा भाई सुमित मां के साथ रहता था। हमारे घर में 17 साल से खांडाखेड़ी का राजेश रह रहा है। राजेश ने शाम को फोन कर बताया कि पड़ोसी संदीप ने बर्फ तोड़ने वाले सुए से ऊषा को गंभीर चोटें मारी हैं। नागरिक अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

### नाबालिग के दुष्कर्मी को 25 साल का कारावास

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 25 साल कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी दलीप वासी चीरा जिला बाराबंकी यूपी पर 2 हजार जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न भरने पर दोषी को 9 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जिला दरभंगा बिहार के रहने वाले व्यक्ति ने 21 मई 2020 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह करीब 12 वर्ष से अनाज मंडी पिपली में बच्चों सहित रहता है। 20 मई 2020 को उसकी नाबालिग लड़की के साथ मंडी के पल्लेदार दलीप पुत्र राम बक्श वासी चीरा जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश ने दुष्कर्म किया था।



## घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड

# भारत ब्रांड 'चना दाल' की बाजार में हिस्सेदारी एक चौथाईः रोहित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'भारत ब्रांड' के तहत खुदरा बाजार में बेची जा रही चना दाल घरेलू उपभोक्ताओं के बीच सबसे ज्यादा बिकने वाला ब्रांड बनकर उभरी है।

इसने बाजार में उतारे जाने के चार महीनों में ही एक-चौथाई बाजार हिस्सेदारी हासिल कर ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि किफायती होने के कारण इस दाल को उपभोक्ता काफी पसंद कर रहे हैं। अक्टूबर में जारी की गई भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम है जबकि अन्य ब्रांड की दाल लगभग 80 रुपये प्रति किलोग्राम है।

- उपभोक्ता के सचिव रोहित सिंह ने दी जानकारी
- भारत-ब्रांड 'चना दाल' की कीमत 60 रुपए प्रति किलोग्राम




### एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती है

सचिव ने बताया कि इन एजेंसियों को बफर स्टॉक से कच्चा चना 47.83 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि उसकी खुदरा कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम से कम नहीं होनी चाहिए। एजेंसियां सरकार से कच्चा चना खरीदती हैं, उसकी मिलिंग करती हैं और भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री करने से पहले उसकी पॉलिश करती हैं।

### 21 राज्यों में की जा रही बिक्री

शुरुआत में इसकी बिक्री 100 खुदरा केंद्रों के जरिये की गई और अब 21 राज्यों के 139 शहरों में मौजूद 13,000 केंद्रों से इसकी बिक्री की जा रही है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इस कदम से दालों की मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलने का दावा करते हुए कहा, दालों की कीमतें एक समूह के रूप में व्यवहार करती हैं।

### 2.28 लाख टन चना दाल बेची जा चुकी

सिंह ने कहा, 'ग्राहकों की प्रतिक्रिया इतनी अच्छी रही है कि देश में परिवारों के बीच सभी ब्रांड वाली चना दाल की 1.8 लाख टन मासिक खपत में से एक-चौथाई 'भारत' ब्रांड वाली चना दाल है।' बाजार में उतारे जाने के बाद से लगभग 2.28 लाख टन भारत ब्रांड चना दाल बेची जा चुकी है।

*उद्देश्य कीमतों पर अंकुश लगाना : चने की कीमतों को नीचे लाने के लिए बफर स्टॉक का उपयोग करने से अन्य दालों की कीमतों पर भी इसका पार्श्व प्रभाव पड़ता है। सरकार घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और कीमतों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से चने सहित विभिन्न प्रकार की दालों का बफर स्टॉक बनाकर रख रही है।*

# देश की अर्थव्यवस्था 4,000 अरब डॉलर के पार होगी

- पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स को 2024-25 में होने की संभावना
- आरबीआई रेपो दर में एक फीसदी की कटौती कर सकता है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार हो जाने की उम्मीद है। वहीं 2026-27 तक इसके बढ़कर 5,000 अरब डॉलर होने का अनुमान है।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। उद्योग मंडल ने यह भी कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक 2024 के अंत तक सोच-विचार कर रेपो दर में एक



प्रतिशत तक की कटौती कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत विकास का सबूत दिखा रही है... उपयुक्त नीतिगत उपायों के जरिये आने वाले दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न जोखिम को कम करने को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।' इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ''देश भविष्य की वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 4,000 अरब डॉलर के पार होने की उम्मीद है।

# सोना 50 रुपये टूटा चांदी में 450 रुपये का नुकसान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये घटकर 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना कल 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 450 रुपये गिरकर 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।'बुधवार को सोने का कारोबार थोड़ा कम हुआ। दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद के मुकाबले 50 रुपये कम है।' इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी अनुबंध के लिए सोने का भाव 86 रुपये बढ़कर 62,265 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

**D.B.M COLLEGE OF EDUCATION**
(Affiliated to CRSU Jind & Recognised by NCTE, New Delhi)
VPO-Madina, Teh.-Gohana (Sonipat)
E-mail ID- dbmcollege@gmail.com Cont. No. 9254555600, 9812085773, 9034471998
Applications are invited for Teaching and Non-Teaching Staff for B.ED Course
- Teaching Staff :- Principal-(1)
Assistant Professors:- Perspective in Education (4), Pedagogy Subjects: Commerce (1), Biological Science (1), Physical Science (1), Mathematics (01), English (1), Hindi (1), Health & Physical Education (1), Fine Arts (01), Performing Arts (01)
- Non-Teaching Staff: Librarian (1), Lab. Assistant (1), Office -cum-Account Assistant(1), Office Assistant-cum Computer Operator(1), Store Keeper (1), Technical Assistant (1), Lab Attendants/Helpers/Support Staff(3).
Qualification and Experience as per NCTE/CRSU Jind norms, Apply within 21 Days with relevant documents to the President with a copy to DCDC, CRSU JIND,
President
B.D. Memorial Welfare and Education Society,
Madina, Gohana

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**ई-नीलामी सूचना**
सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे/सरहिंद के अधीन नंगलडैम स्टेशन यार्ड में 28 पेड़ों की नीलामी यहाँ है, जैसे हैं के आधार पर सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के कार्यालय में की जाएगी। नीलामी से इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित किया है कि वे नीलामी में भाग लें। जिसकी निर्धारीत तिथि एवं स्थान निम्न है:-

| अनुमानित पेड़ों की संख्या | नीलामी की तिथि एवं समय | अग्रिम धन राशि | पेड़ों के हटाने की समय सीमा | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 28 | 27.02.2024 एवं समय प्रात: 11:00 बजे | 7500/- | 60 दिन | सहायक मंडल अभियंता कार्यालय उत्तर रेलवे, सरहिंद |

नोट:- नीलामी की शर्तों के सम्बंध में सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद कार्यालय से सम्पर्क करें।
पत्र संख्या:- 330-W/109/COT/2024 दिनांक: 04.01.2024 92/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चीन से तीन उत्पादों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क लगा



- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और लेजर मशीनरी के लिए लगा
- शुल्क डीजीटीआर की सिफारिश के बाद लगाया गया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने चीन से आयातित तीन उत्पादों- व्हील लोडर, जिप्सम टाइल्स और औद्योगिक लेजर मशीनरी पर पांच वर्ष के लिए डंपिंग-रोधी शुल्क लगा दिया है। यह शुल्क वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिश के बाद लगाए गए हैं। इन उत्पादों के घरेलू विनिर्माताओं को चीन से होने वाले सस्ते आयात से बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

डीजीटीआर ने इस संबंध में की गई शिकायतों की जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि इन उत्पादों को भारतीय बाजारों में सामान्य से कम कीमत पर भेजा गया है। यह सस्ते उत्पादों को दूसरे बाजार में खपाने यानी डंपिंग की कार्रवाई है। इन उत्पादों की डंपिंग से घरेलू उद्योग को काफी नुकसान हुआ है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की अलग-अलग अधिसूचनाओं के मुताबिक, कम-से-कम एक तरफ लेमिनेशन वाले जिप्सम बोर्ड/टाइल्स पर शुल्क लगाया गया है। इस तरह के शुल्क औद्योगिक लेजर मशीनों पर भी लगाए गए हैं जिनका उपयोग काटने या वेल्डिंग में किया जाता है।

### टफेंड ग्लास पर भी लगा शुल्क

इसी तरह पूरी तरह से निर्मित इकाई के रूप में आयात किए जाने वाले व्हील लोडर पर भी शुल्क लगाया गया है। इससे पहले चीन से आयातित टफेंड ग्लास और फ्लैक्स यार्न की कुछ किस्मों पर भी डंपिंग-रोधी शुल्क लगाए गए थे।

# रेडिसन समूह ने अयोध्या में खोला होटल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



रेडिसन होटल समूह ने अयोध्या में अपना होटल खोलने की बुधवार को घोषणा की। शहर में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले यह घोषणा की गई है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी के अनुसार, पार्क इन बाय रेडिसन का अयोध्या स्थित 80 कमरे का होटल राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर और सीता की रसोई जैसे उल्लेखनीय स्थलों के पास स्थित है। रेडिसन होटल समूह के मानद चेयरमैन एवं प्रमुख सलाहकार (दक्षिण एशिया) के बी काचरू ने कहा, 'हम अयोध्या में अपने नए होटल के उद्घाटन से खुश हैं। इससे उसे पवित्र शहर में शुरुआती बढ़त मिलेगी। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा ऐतिहासिक स्थलों की वजह से अयोध्या की हमारे देश के दिल में एक खास जगह है। उन्होंने कहा, 'यह विस्तार भारत के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बेहतरीन आतिथ्य अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

# बीते साल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़ी




**मुंबई।** देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बीते साल (2023 में) सालाना आधार पर 49.25 प्रतिशत बढ़कर 15,29,947 इकाई हो गई। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने यह जानकारी दी। आंकड़ों के अनुसार, ईवी उद्योग ने 2022 में कुल 10,25,063 वाहन बेचे थे। हाल ही में समाप्त वर्ष में दोपहिया ईवी की बिक्री 36.09 प्रतिशत बढ़कर 8,59,376 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,31,464 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 65.23 प्रतिशत बढ़कर 5,82,793 इकाई हो गई, जो 2022 में 3,52,710 इकाई थी। ई-वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 114.16 प्रतिशत बढ़कर 5,673 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष यह 2,649 इकाई रही थी।

# मेडी असिस्ट का आईपीओ 15 जनवरी को खुलेगा

- मूल्य दायरा 397-418 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली।** बीमा कंपनियों को 'थर्ड पार्टी' प्रशासन सेवाएं प्रदान करने वाली मेडी असिस्ट हेल्थकेयर सर्विसेज ने अपने 1,172 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 397 से 418 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ 15 जनवरी को खुलकर 17 जनवरी को बंद होगा। एंकर निवेशक 12 जनवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह प्रवर्तकों और मौजूदा शेयरधारकों की ओर से 2,80,28,168 (या 2.8 करोड़) इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रवर्तक - विक्रम जीत सिंह




चटवाल, मेडिमेटर हेल्थ मैनेजमेंट और बेसेमर हेल्थ कैपिटल एलएलसी - शेयर बिक्री करेंगे। इसके अलावा निवेशक इन्वेस्टकॉर्प प्राइवेट इक्विटी फंड भी शेयरों की पेशकश करेगी। चूंकि यह निर्गम पूरी तरह से ओएफएस पर आधारित है इसलिए कंपनी को कोई आईपीओ से कोई धन नहीं मिलेगा। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर आईपीओ से 1,171.58 करोड़ रुपये जुटने की उम्मीद है।

# रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 83.02 प्रति डॉलर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया बुधवार को 11 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.02 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.13 प्रति डॉलर पर खुला।

# गूगलः एंड्रॉयड यूजर्स के लिए चार नए फीचर्स

नई दिल्ली। गूगल अपने यूजर्स के लिए कई तरह की सर्विस उपलब्ध कराती है। कंपनी अब एंड्रॉयड यूजर्स के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए नए फीचर्स लाने जा रही है। गूगल के नए फीचर्स से एंड्रॉयड यूजर्स के कई काम बेहद आसान हो जाएंगे। कंपनी के मुताबिक जल्द ही इन फीचर्स को रोल आउट किया जाएगा। टेक जायंट गूगल ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक शो यानी सीईएस 2024 के दौरान नए एंड्रॉयड फीचर्स की घोषणा की है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम पंचकूला | नगर निगम पंचकूला के अधिकार-क्षेत्र के तहत गांव टोका में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 08.01.2024 07.02.2024 | 4.61 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2583094 xenmcpkl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24075/I/88/6 दि. 10.01.24

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | देवीलाल पार्क, सेक्टर-1, वार्ड नं. 11, रोहतक में दीवारों के साथ-साथ कच्चा ट्रैक को पूरा करना। | 08.01.2024 22.01.2024 | 3.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24070/I/88/6 दि. 10.01.24

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | गांव खरखड़ी जिला भिवानी में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय हेतु रीजनल रिसर्च स्टेशन में प्रशासनिक ब्लॉक, इम्पलीमेंटेशन हॉल, लैब ब्लॉक, आंतरिक रोड का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 29.01.2024 | 12.71 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव मेहरा से खेड़ी बत्तेर तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-10009) माननीय सी.एम. घोषणा कोड 26850 दिनांक 08.07.2022 + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.01.2024 | 2.18 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242782 eebhiwani2024.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/24069/I/88/6 दि. 10.01.24

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | वार्ड नं. 7 में मास्टर देवकी नंदन चुघ के स्कूल से ओम शांति आश्रम, वार्ड नं. 9 में जीत लुहार के मकान के सामने से रामकुमार गुज्जर के मकान तक और वार्ड नं. 10, नगर पालिका कलानौर में रामकिशन झीमर के मकान से रविदास मंदिर के आखिरी छोर तक आईपीबी सहित गली का पुनर्निर्माण। | 09.01.2024 02.02.2024 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 1258223180 municipalcommitteekalanaur@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/24077/I/88/6 दि. 10.01.24

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरे, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक से अधिक के उछाल के साथ बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार एक समय निचले स्तर पर चला गया था लेकिन अंत में मानक



सूचकांकों में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में लिवाली से इसमें तेजी आई। कारोबारियों के अनुसार, इस सप्ताह मुद्रास्फीति और आईआईपी (औद्योगिक उत्पादन सूचकांक) के आंकड़े आने पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। बाजार की शुरुआत हल्की रही और कारोबार के दौरान घट-बढ़ होती रही। अंत में तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 271.50 अंक बढ़त के साथ 71,657.71 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 73.85 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,618.70 अंक पर बंद हुआ।

## शब्द पहेली - 5391



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 5390 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## सूडोकु नवताल - 5401

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5400 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## खबर संक्षेप



### राशिद भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला से बाहर

**मोहाली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रही टी20 श्रृंखला में अपने 'ट्रंप कार्ड' राशिद खान के बिना ही खेलेगी लेकिन कप्तान इब्राहिम जदरान को टीम से अपने मजबूत प्रारूप में अच्छे प्रदर्शन उम्मीद है। वनडे विश्व कप के बाद नवंबर में राशिद ने पीठ की सर्जरी कराई थी, उन्हें टीम में शामिल किया गया था लेकिन वह 'रिहैबिलिटेशन' के कारण तीनों मैच में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। जदरान ने कहा, 'वह पूरी तरह से फिट नहीं है। वह 'रिहैबिलिटेशन' कर रहा है। हमें श्रृंखला में उसकी कमी खलेगी।'

### गोल नहीं गंवाने का श्रेय महेश को मिले

**दोहा।** भारतीय फुटबॉल टीम ने 2023 में नौ मैचों में विरोधी टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया और स्टार सेंटर बैक संदेश झिंगन ने



डिफेंडरों की सफलता का श्रेय टीम के सहायक कोच और पूर्व गोलकीपर महेश गवली को दिया। झिंगन ने कहा, 'महेश भाई अपने खेलने के दिनों से दिग्गज रहे हैं और अब हमें उनके अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने भारतीय फुटबॉल को बहुत कुछ दिया है। जब विरोधी टीम को गोल नहीं गंवाने के लिए हमारी तारीफ होती है तो इसका श्रेय उन्हें भी दिया जाना चाहिए।'

### न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच होंगे एडम्स

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आंद्रे एडम्स को 12 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ



शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए टीम का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। एडम्स पांच मैचों की श्रृंखला के लिए मुख्य कोच गैरी स्टीड की टीम का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल है। एडम्स 2023 में महिला टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तेज गेंदबाजी कोच रहे थे।

### आईआईएस बेल्लारी ने 23 खिलाड़ियों को निष्कासित किया

**बेंगलुरु।** जेएसडब्ल्यू 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' (आईआईएस) ने हाल में कर्नाटक के बेल्लारी स्थित अपने सेंटर के परिसर के अंदर सीरींज मिलने के बाद 23 खिलाड़ियों को निष्कासित कर दिया और अब उसकी निगाहें डोपिंग रोधी एजेंसी जैसे वाडा और नाडा के साथ सहयोग लेने पर लगी हैं। ये खिलाड़ी विभिन्न खेलों के थे और उन्हें पिछले साल अक्टूबर में परिसर से बाहर कर दिया गया। आईआईएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूशदी वार्ले ने पीटीआई को एक बयान में कहा, ''हमें परिसर के अंदर कुछ सीरींज मिली थी और खिलाड़ियों को आईएसएस की कड़ी आंतरिक नीतियों का पालन नहीं करने के लिए अनुशासनात्मक आधार पर निष्कासित कर दिया गया।'' वार्ले ने कहा कि आईआईएस अपने सेंटर में डोपिंग रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हरमनप्रीत से कोई शत्रुता नहीं : हीली



**नवी मुंबई।** आस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके और भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच शत्रुता पनपने की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि वे कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। टेस्ट मैच के दौरान हरमनप्रीत ने बल्लेबाजी के दौरान हताशा में एलिसा की तरफ गेंद फेंकी। आस्ट्रेलियाई कप्तान ने मुस्कुराकर जवाब दिया। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई।

# मलेशिया ओपन : सात्विक-चिराग अगले दौर में, प्रणय पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बुधवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21-18, 21-19 से पराजित किया। दुनिया की नौवें नंबर की जोड़ी ने पिछले साल भारतीय जोड़ी को थाईलैंड ओपन और चाइना ओपन में दो बार पराजित किया था।



### 2023 में जीते चार खिताब

*सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोउ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।*

### 43 मिनट में हारे प्रणय

*विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14-21, 11-21 से हार मिली। पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रा में आगे तक पहुंचना चाहेगी।*



### दो सेट में मिली जीत

भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8-4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही लेकिन एक बार 19-19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

### प्रणय ने किया निराश

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके। लक्ष्य सेन अपने अभियान की शुरुआत चीन के वेंग होंग यांग के खिलाफ करेंगे।

**क्रिकेट : टी20 विश्व कप से पहले टीम इंडिया के पास बचे सिर्फ तीन मैच**

# रोहित करेंगे आक्रामक बल्लेबाजी सीरीज के पहले टी20 से हटे कोहली

एजेंसी ▶▶| मोहाली

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में गुरुवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं। रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं।

जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिये टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे।



### मैच को लेकर बना रोमांच

दूसरी ओर रोहित दर्शकों के चहेते हैं और उनके खेलने से भारी शीतलहर के बावजूद मोहाली में इस मैच को लेकर काफी रोमांच है। कप्तान रोहित शर्मा पावरप्ले में वही आक्रामक अंदाज दोहराना चाहेंगे जो उन्होंने वनडे विश्व कप में दिखाया था।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान** : इब्राहिम जदरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजाइ, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद कबी, करीम जन्नत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीबुर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीनुल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदन नायब , राशिद खान।



### रोहित-गिल करेंगे ओपनिंग

पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका से लौटी टीम बुधवार को श्रृंखला के पहले मैच से एक दिन पहले ही एकत्र होगी। यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा टीम में हैं लेकिन पारी की शुरुआत रोहित के साथ शुभमन गिल ही करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में गिल का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा और शीर्षक्रम के लिए तेज होती प्रतिस्पर्धा के बीच उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका में रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और मध्यक्रम में चोटिल सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में उनकी भूमिका अहम होगी।

# कुलदीप ने मौके को भुनाया चहल को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि युजवेंद्र चहल अभी भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाई के स्पिनरों में से है लेकिन कुलदीप यादव के शानदार फॉर्म के चलते उन्हें अपनी बारी आने का इंतजार करना होगा। ताहिर का मानना है कि बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप मौकों को भुनाने में कामयाब रहे हैं।

चहल को पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह नहीं मिली और अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भी उनका चयन मुश्किल है। ताहिर ने बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि युजी को खराब फॉर्म के कारण बाहर किया



गया है। वह अच्छी गेंदबाजी कर रहा था लेकिन कुलदीप जबर्दस्त फॉर्म में है और उसने रविंद्र जडेजा के साथ गेंदबाजी में अच्छा तालमेल बना लिया है। मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनरों में से है और उसे अपनी बारी का इंतजार करना होगा। उसके प्रदर्शन के कारण नहीं बल्कि दूसरे खिलाड़ी के शानदार फॉर्म के कारण। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि वह वापसी करेगा।'

# अंडर-19 विश्व कप के मैच अधिकारियों में दो भारतीय

ICC UNDER19 CRICKET WORLD CUP NEW ZEALAND 2018

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आगामी अंडर-19 पुरुष विश्व कप के लिए बुधवार को मैच अधिकारियों की घोषणा की जिसमें भारत के दो प्रतिनिधि अंपायर केएनए पद्मनाभन और मैच रैफरी नारायणन कुट्टी भी शामिल हैं। अंडर-19 विश्व कप 19 जनवरी से 11 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट के कुल 41 मैच के लिए 16 अंपायरों और चार मैच रैफरियों को चुना गया है।

शुरुआती ग्रुप चरण मैच के लिए मैच अधिकारियों की नियुक्ति की पुष्टि कर दी गई है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले ईस्ट लंदन मैच में भारत के पद्मनाभन के साथ बोंगानी जेले भी मैदानी अंपायर होंगे। भारत के कुट्टी मैच के रैफरी होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के फिल गिलेस्पी टीवी अंपायर और जिम्बाब्वे के फोर्सस्टर मुतिजवा चौथे अंपायर होंगे।

# नैन्सी ने स्वर्ण और इलावेनिल ने क्वालीफायर में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

उभरती हुई निशानेबाज नैन्सी और ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान ने बुधवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। जूनियर विश्व टीम की चैंपियन नैन्सी ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 252.8 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हमवतन इलावेनिल मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गयीं, उन्होंने 252.7 अंक से रजत पदक जीता। भारत मामूली अंतर से



महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में क्लीन स्वीप से भी चूक गया।

मेहुली घोष 210 अंक से चीन की शेन युफान से पीछे चौथे स्थान स्थान पर रहीं। वहीं भारत के विश्व चैंपियन निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में 228.7 अंक से कांस्य पदक जीता। इसमें चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चो ने रजत पदक हासिल किया। फाइनल में पहुंचे एक अन्य भारतीय अर्जुन बबुता छठे स्थान पर रहे।

### तदर्थ समिति के गठन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

**प्रयागराज।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्ल्यूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने कहा, 'खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।' डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, 'कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया।'

### भारत-अफ्रीका बने संयुक्त चैंपियन...



**जोहानिसबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए बुधवार को यहां होने वाला त्रिकोणीय अंडर-19 एकदिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मैच अधिकारियों ने निर्धारित कट ऑफ समय तक इंतजार किया और कम से कम 20 ओवर के मुकाबले की संभावना को नहीं देखते हुए मैच रद्द कर दिया।

**22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होगा चार देशों का टूर्नामेंट**

# भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत कप्तान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ



खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे। गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है। मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा, 'ओलंपिक सत्र की शुरुआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा।

हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।'

### 22 को भारत का पहला मैच

भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से (रात 9. 30 से) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।

**भारतीय टीम** : गोलकीपर : पी आर श्रीजेश, कृशन पाठक और पवन।

**डिफेंडर** : जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), वरूण कुमार, सुमित, संजय, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम

**मिडफील्डर** : विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह

**फॉरवर्ड** : मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, बॉबी सिंह धामी।

# ग्रीन की आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कैमरन ग्रीन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में जगह दी गई है चूंकि चयनकर्ताओं ने डेविड वॉर्नर की जगह विशेषज्ञ



स्पिनर को चुनने का फैसला नहीं किया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को 13 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। इसमें बल्लेबाजी क्रम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इसकी पुष्टि की कि हरफनमौला ग्रीन टीम में होंगे। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट को हाल ही में अलविदा कह चुके हैं।

आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, 'हमने ऐसी टीम चुनी है जिसमें देश के छह सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।' ऐसी अटकलें हैं कि स्टीव स्मिथ चौथे नंबर पर उतर सकते हैं और ग्रीन मध्यक्रम में रहेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट 17 जनवरी से एडीलेड में होगा।

**टेस्ट टीम** : पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कारी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, मैट रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क।

**वनडे टीम** : स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबोट, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, एडम जाम्पा।

## चिंतन

# महाराष्ट्र की उठा पटक पर लगना चाहिए विराम

चुनाव आयोग के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर बाला साहेब के पुत्र उद्धव गुट को बड़ा झटका दिया है। अपने फैसले में उन्होंने शिवसेना प्रमुख के अधिकार पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने कहा कि शिवसेना के 1999 के संविधान के मुताबिक असली शिवसेना का फैसला किया गया। उद्धव का नेतृत्व पार्टी के संविधान के मुताबिक नहीं है। एकनाथ शिंदे को पार्टी विधायक दल के नेता के पद से हटाने का हक उद्धव ठाकरे के पास नहीं था। शिंदे गुट की याचिका पर पहले सुनवाई करते हुए स्पीकर ने कहा कि कौन असली शिवसेना है? इसका फैसला शिवसेना के संविधान और व्हिप के आधार पर किया गया। इसी आधार पर ही अयोग्यता पर भी फैसला किया। शिवसेना के संविधान पर दोनों पक्षों पर भरोसा जताया है। स्पीकर के इस फैसले के बाद महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उनके समेत गुट के 16 विधायकों को अयोग्य करार देने से मना कर दिया। 1200 पेजों के फैसले के मुख्य बिंदुओं को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास शिवसेना के 55 में से 37 विधायक हैं। उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। स्पीकर ने कहा कि ये साफ है कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चुनाव आयोग ने इसी गुट को असली शिवसेना माना है। याद करें महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट के 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसका फैसला विधानसभा स्पीकर पर छोड़ दिया था। पिछले साल चुनाव आयोग का फैसला भी एकनाथ शिंदे गुट के पक्ष में गया था। आयोग ने शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव निशान दोनों उसे ही आवंटित किया था। अब स्पीकर के फैसले के बाद शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार (बीजेपी-शिवसेना और एनसीपी-अजित पवार गुट) की स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं उद्धव ठाकरे को धक्का लगा है और महा विकास अघाड़ी और इंडिया ब्लॉक में भी उनकी हैसियत घट जाएगी। वैसे भी स्पीकर के इस फैसले के बाद उद्धव गुट का सुप्रीम कोर्ट जाना तय नजर आ रहा है। क्योंकि आदित्य ठाकरे ने फैसले से पहले ही स्पीकर पर अविश्वास जता दिया था। इसके अलावा शिवसेना (यूबीटी गुट) सांसद संजय राउत ने पीएम मोदी के 12 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र दौरे पर सवाल उठाया था। इससे साफ है कि यह मुद्दा अभी खत्म नहीं होने वाला। अगले विधानसभा चुनाव के लिए अब महज कुछ ही माह शेष हैं, लेकिन प्रदेश की सियासत शांत होने का नाम ही नहीं ले रही। विस चुनाव के बाद पहले फडणवीस-अजित ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री की शपथ ली। फिर एनसीपी, कांग्रेस, शिवसेना की सरकार बनी। डेढ़ साल पहले शिवसेना में टूट के बाद बीजेपी, एकनाथ शिंदे ने सरकार का गठन किया और बाद में अजीत पंवार उपमुख्यमंत्री बन गए। प्रदेश में राजनीतिक उठा पटक का खमियाजा जनता ने भुगता। होना तो यह चाहिए कि स्पीकर के फैसले के बाद अब इस पर पूर्णविराम लग जाए, लेकिन अभी भी राहत के आसार नजर नहीं आ रहे।



समुद्री सुरक्षा
प्रभात कुमार राय

# समंदर में ताकतवर होता भारत

**उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का एलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है।**

सोमालिया के तट पर समुद्री लुटेरों ने लाइबेरिया के एक मालवाहक जहाज, एमवी लीला नॉरफॉक को इसके क्रू मेंबर्स के साथ बंधक बना लिया। इस दल में भारतीय मूल के भी 15 क्रू मेंबर्स शामिल थे। सूचना प्राप्त होने के तत्काल पश्चात ही भारतीय नौसेना ने त्वरित तौर पर जवाबी कार्रवाई अंजाम दी और सभी क्रू मेंबर्स को सकुशल बचा लिया गया और जहाज को भी सकुशल बचा लिया गया। भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा करते हुए सभी क्रू मेंबर्स ने भारत माता की जय के नारे भी बुलंद किए। भारतीय नौसेना का यह नेवल ऑपरेशन शुक्रवार 5 जनवरी की रात्रि को संपूर्ण हुआ। इस तरह से अदन की खाड़ी में होने वाली समुद्री डकैती का भारतीय नौसेना ने मुंहतोड़ जवाब दे दिया। आईएनसी चेन्नई और उसके कमांडो दस्ते मार्कोस ने लाइबेरिया के मालवाहक जहाज को अगवा करने की कोशिश को नाकाम कर डाला। तलाशी के दौरान समुद्री लुटेरे जहाज पर नहीं मिले। ऐसा माना जा रहा है कि नौसेना से डर कर यह लुटेरे जहाज छोड़कर एकदम फरार हो गए। इससे पहले भी लाइबेरिया के जहाज एमवी केम प्लूटो पर डकैतों ने हमला किया था। इस जहाज में 21 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार थे।

उत्तरी अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की खासी चर्चा है। कहा जा रहा है कि भारत ने पहली बार एक बड़े ऑपरेशन के जरिये अरब सागर में अपनी रणनीतिक अहमियत का एहसास कराया है। इसे अरब सागर में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का ऐलान भी माना जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से इसे भारतीय नौसेना को लगातार मजबूत करने की कोशिश के तौर पर पेश किया जा रहा है, जो अरब सागर में किसी भी चुनौती के लिए तैयार है। मौजूदा दौर में जब लाल सागर में समुद्री जहाजों के अपहरण बढ़ रहे हैं और अमेरिकी नौसेना हूती विद्रोहियों से जूझने में लगी है, तब अरब सागर में भारतीय नौसेना के इस ऑपरेशन की अहमियत काफी बढ़ गई है। भारत अमेरिका के नेतृत्व वाली यूनिट रेड सी टास्क फोर्स का हिस्सा नहीं है।

अरब सागर की सीमा यमन, ओमान, पाकिस्तान, ईरान, भारत और मालदीव को छूती है।अरब सागर तेल और प्राकृतिक गैस का भी बड़ा भंडार और इस क्षेत्र में ऊर्जा का अहम संसाधन भी है। अरब सागर में ईरान, भारत और अमेरिका के नौसैनिक ऑपरेशन चलते हैं और यहां उनके कई नौसैनिक अड्डे भी हैं। इसलिए क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए अरब सागर भारत के लिए अहम समुद्री इलाका है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका और मध्यपूर्व के देशों से लेकर एशियाई देशों के श्रम बाजारों और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए अरब सागर में स्थिरता बेहद जरूरी है। भारत की अरब सागर में अपनी एक विशेषज्ञता है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। अरब सागर में भारतीय नौसेना को चुनौती देना आसान नहीं है। पिछले महीने भारतीय नौसेना ने अरब सागर में माल्टा के जहाज को समुद्री लुटेरों से बचाने की पहल की थी। भारत के इस ऑपरेशन का सामरिक महत्व यह है कि भारत ये दिखाना



चाहता है कि उसकी नौसेना के पास ऐसी घटनाओं को रोकने की क्षमता है और दूसरी बात ये कि जो अंतरराष्ट्रीय शिप कंपनियां इस रूट पर कारोबार कर रही हैं, उनको भारत की जरूरत है और वे भारत की ताकत व क्षमता को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। पिछले कुछ समय में हिंद महासागर और अरब सागर से लगे कई छोटे देशों का चीन की ओर झुकाव बढ़ता दिखा है। भारत की ये कार्रवाई इन देशों के लिए एक संदेश है। भारत ने इस कार्रवाई के जरिये ये संदेश दिया है कि आप चाहे जो कहें लेकिन यहां के समुद्री रास्तों और संचार को वही नियंत्रित करता है। ये कार्रवाई भारतीय नौसेना की ताकत और क्षमता का भी सुबूत है। पिछले दस साल में भारत ने नौसेना और तटरक्षक बलों को मजबूत किया है।

सितंबर 2008 में हांगकांग से यूरोप जा रहे एक मालवाहक जहाज पर समुद्री डाकुओं ने आक्रमण किया था और उसको अगवा करके सोमालिया के तट पर ले जाया गया था। इस जहाज के चालक दल में भी 18 भारतीय क्रू मेंबर्स थे। यह एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जबकि भारत सरकार को यह गंभीर एहसास हुआ कि भारतीय नौसेना को समुद्री डकैतियों को रोकने की खातिर आवश्यक कदम उठाने का हुक्म दिया जाए। नवंबर 2008 के दौरान भारतीय नौसेना को संयुक्त राष्ट्र से समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए सोमालिया के समुद्र में प्रवेश करने की अनुमति मिल गई थी। अतः भारतीय नौसेना अक्टूबर 2008 से ही अदन की खाड़ी में समुद्र डकैतियां पर काबू रखने के लिए अपने युद्धपोतों को तैनात करती रही है। अरब सागर में भारत आ रहे जहाजों पर ऐसे वक्त में हमले किए जा रहे हैं, जब लाल सागर में यमन के हूती विद्रोही इसराइल और उसके सहयोगी देशों से संबंद्ध जहाजों को निशाना बना रहे हैं।

अदन की खाड़ी वस्तुतः व्यापारिक शिपिंग के लिए प्रमुख राजमार्ग रहा है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के देशों के तेल निर्यात के लिए जिसका तकरीबन 11 फीसदी पेट्रोलियम स्वेज नहर और अदन की खाड़ी से होकर गुजरता है। भारत को सालाना 50 अरब डॉलर का आयात इस समुद्र मार्ग से प्राप्त होता है और इसी क्षेत्र से 60 अरब डॉलर का निर्यात भी होता है। वर्ष 2005 और 2012 के मध्य सोमालिया और अदन की खाड़ी के समुद्र में समुद्री डकैतियां प्रमुख तौर पर दनदनाती रहीं। पश्चिमी हिंद महासागर और अदन की खाड़ी में इन डकैतियों का दमन करने के लिए विशेष आचार संहिता को अपनाया गया। बहुराष्ट्रीय राष्ट्रीय नौ सेना गठबंधन के अधीन समुद्र में संयुक्त गश्त संचालित किए गए। भारत संयुक्त नेवल अभियानों का भी प्रमुख पर्यवेक्षक रहा है।

मलक्का जलडमरूमध्य मलेशिया सिंगापुर और इंडोनेशिया के मध्य स्थित है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गो में से एक रहा है, जहां से सालाना 65000 जहाज गुजरते हैं जो कि विश्व व्यापार का लगभग एक तिहाई और वैश्विक ऊर्जा पूर्ति का तकरीबन आधा हिस्सा तय करते हैं। यह हिंद महासागर को प्रशांत महासागर से भी जोड़ता है। यह समस्त इलाका समुद्री डकैतियों के लिए सबसे अधिक कुख्यात रहा। एशिया में जहाज़ों के खिलाफ समुद्री डकैतियों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग समझौता 4 दिसंबर 2006 को इस क्षेत्र के लिए अनुबंध करने वाले 14 देशों द्वारा संपन्न किया गया था। इस क्षेत्रीय सहयोग समझौते में भारत भी एक महत्वपूर्ण सदस्य है। इसमें से समुद्री पायरेसी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए सूचना साझाकरण केंद्र भी शामिल है। एक दौर में इस इलाके में समुद्री डकैतियां चरम पर थीं। संयुक्त नेवल अभियान के परिणाम स्वरुप मलक्का जलडमरु मध्य क्षेत्र में समुद्री डकैतियों मे जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज सभी देश मिलकर समुद्री डकैतियों को रोकें।


(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## पुण्यतिथि पर विशेष
डॉ. जगदेव विद्यालंकार



# आदर्श राजनेता शास्त्री से सीखें आज के नेता

भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्तूबर सन 1904 को मुगल सराय वाराणसी, उत्तर प्रदेश में हुआ। वर्ष 1921 में शास्त्री जी अपनी पढ़ाई छोड़कर महात्मा गांधी द्वारा संचालित असहयोग आंदोलन में कूद पड़े तथा लाला लाजपत राय द्वारा बनाई गई 'द सर्विस ऑफ द पीपल सोसायटी'से जुड़कर भी कार्य किया। ब्रिटिश शासन के करों का भुगतान न करने के लिए सम्बोधित किया। उसके बाद उन्होंने डांडी यात्रा और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में शास्त्री जी ने गांधी द्वारा प्रदत्त नारे 'करो या मरो' को बदलकर 'मरो नहीं मारो' कर दिया और देशवासियों को इसके लिए उत्साहित किया। उस समय शास्त्री जी को एक वर्ष के लिए जेल जाना पड़ा। शास्त्री जी अत्यधिक उत्साही और कर्मठ थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरान्त उत्तर प्रदेश सरकार में गोविन्द बल्लभ पन्त के मुखमन्त्रीत्वकाल में लाल बहादुर शास्त्री को उनकी अद्भुत प्रशासनिक क्षमता और संगठन कौशल के आधार पर संसदीय सचिव के रूप में नियुक्त किया गया और तत्पश्चात परिवहन मन्त्री बना दिया गया। स्वतन्त्र भारत में 1952 में पहले लोकसभा चुनाव में भी शास्त्री को कांग्रेस के महासचिव का उत्तरदायित्व दिया गया जिसमें भारी जीत हुई और शास्त्री जी को केन्द्रीय मन्त्रीमंडल में स्थान दिया गया उन्होंने रेलवे



मन्त्री के रूप में कार्य किया और 1956 में हुई रेल दुर्घटना में स्वयं को उतरदाई मानते हुए पद से त्यागपत्र दे दिया। यह उनके त्याग और साहस का परिचायक था। तत्पश्चात उनको गृहमंत्री का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व दिया गया, जिसका उन्होंने बखूबी निर्वाह किया। नौ जून 1965 को पंडित जवाहर लाल नेहरू के आकस्मिक निधन के बाद शास्त्री जी को प्रधानमंत्री का गरिमामय पद प्रदान किया गया।

1962 के भारत-चीन युद्ध में भारत को बुरी पराजय का मुहं देखना पड़ा था। इसी से उत्साहित होकर 1965 में पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया, पर वह भूल गया था कि अब भारत की बागडोर नेहरू नहीं अपितु महान देशभक्त लालबहादुर शास्त्री के हाथ में थी, परिणामस्वरूप अमेरिका द्वारा प्रदान पैटर्न टैंकों को ध्वस्त कर शास्त्री जी ने भारी विजय दिलाई। शास्त्री जी द्वारा दिए गए नारे जय जवान जय किसान के भारत के वीरों में प्राण फूंक दिए थे। दस जनवरी 1966 को भारत-पाक युद्ध की वस्तुस्थिति पर चर्चा करने के लिए सोवियत संघ के नगर ताराकन्द में बैठक में शास्त्री जी सम्मिलित हुए और उसी रात (तारीख बदल चुकी थी, 11 जनवरी) उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। उनके शव का पोस्टमार्टम भी नहीं किया गया और यह घोषित कर दिया गया कि शास्त्री जी की मृत्यु ह्रदयाघात से हुई है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ललिता शास्त्री ने उनके नीले पड़े हुए शरीर को देखकर यह कहा था उन्हें जहर दिया गया है, परन्तु उनकी बात की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज तक भी शास्त्री जी की मृत्यु रहस्य बनी हुई है। इस प्रकार से मां भारती के सच्चे सपूत, उत्साही वीर, कर्मठ देशभक्त शास्त्री जी अकाल मृत्यु के ग्रास बन गए। शास्त्री जी का 19 महीने का कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करने योग्य है।

शास्त्री जी विनयशीलता के साथ-साथ अदम्य वीरता और पौरुष के भी धनी थे। संघर्षों को वे जीवन की क्रीड़ा समझते थे। देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने के लिए और राष्ट्र के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए श्री शास्त्री जी का अमूल्य योगदान रहा है। शास्त्री जी ऐसे कर्मयोगी थे जिनकी फल के प्रति आसक्ति नहीं थी, वे सत्तासुख से निरंतर विमुख बने रहे, उनके उज्ज्वल चरित्र की कान्ति आज भी विश्व में देदीप्यमान है। शास्त्री जी ऐसे गुदड़ी के लाल थे जिनको समझ पाना सबके बूते की बात नहीं थी। उनकी कद काठी को हलके में लेते हुए राष्ट्रपति अयूब खां ने एक बार कराची के हवाई अड्डे पर उनका उपहास कर दिया था जिसका उत्तर शास्त्री जी ने नेहरू की मृत्यु पर अयूब खां के दिल्ली न पहुंचने पर यह कह कर दिया था- आपको दिल्ली, आने की जरूरत नहीं, हम खुद ही लाहौर तक आ जाएंगे और 1965 के युद्ध में शास्त्री जी ने अपने इस कथन को सच करके दिखा दिया था। उनके जीवन में ईमानदारी के अनेक प्रसंग आते हैं जो आज के नेताओं के लिए प्रेरक और मार्गदर्शक हैं। शास्त्री जी इतने सादगी प्रिय और मितव्ययी थे कि वे दो ड्रेस से अधिक एक बार में नहीं रखते थे।

(लेखक शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मौसम की बेरुखी सबके लिए नुकसानदेह

आज से कुछ साल पहले शिमला और अन्य पहाड़ी इलाकों में जितनी बर्फबारी होती थी और दिसंबर के अंतिम दिनों में बारिश भी हुआ करती थी, उतना सब कुछ अब नहीं हो रहा है। देश के कुछ क्षेत्रों में आजकल बारिश और बर्फबारी न होने के कारण वहां मौसमी फसलों के लिए यह नुकसानदेह साबित हो रहा है। खास तौर पर कोहरे के कारण भी फसलों को हानि हो रही है। जिन राज्यों में कृषि पूरी तरह बारिश पर ही निर्भर है, वहां तो यह दिक्कत और भी बड़ी सिद्ध होती है। अब अक्सर यह भी देखा जा रहा है कि जब बारिश की जरूरत नहीं होती है, तब बेमौसमी बारिश होती है। मौसम की बेरुखी फसलों के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदेह साबित हो सकती है।

*- प्रवीण भट्टाचार्य, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### दुनिया देख रही



दुनिया भारत को इस रूप में देखती है। स्थिरता महत्वपूर्ण, एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है। एक ऐसा भागीदार जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास रखता है। एक आवाज़ जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग ठीक



बेल्जियम में प्रयुक्त होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग की प्रणाली ठीक वैसी ही है जैसी इंडिया अलायंस ने चुनाव आयोग से मांग की है। स्मार्टमैट्रिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करने से चुनाव में मतदान करना कितना आसान है।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### हमें आगे बढ़ना होगा



अब हमें लक्षद्वीप के लिए विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी और हाई-एंड रिसॉर्ट्स विकसित करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा, लेकिन साथ ही द्वीपों के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने के लिए प्रबंधन भी करना होगा।

-आनंद महेंद्रा, उद्योगपति

### भावनाएं जरुरी



भारत के किसी गांव में छोटे बच्चे को हमारा राष्ट्रीय गान गाते देख कर ही किसी ने सच कहा है, शब्द नहीं, भावनाएं ज़्यादा ज़रूरी होती है। मुझे ये वीडियो किसी ने भेजा। बच्चे का अता पता मिल जाए तो इसके जीवन भर की पढ़ाई का ज़िम्मा उठा सकते हैं।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर


# सईद पाक सरकार की हिरासत में सजा काट रहा



मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है। दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराये जाने के बाद से वह (सईद) पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है। सईद वर्ष 2008 के मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता है और उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत ने दिसंबर में पाकिस्तान से बातचीत की थी। 'सुरक्षा परिषद 1267 समिति' ने पिछले माह अपनी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (आईएसआईएल) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची में लोगों और संस्थाओं की जब्त संपत्ति, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध से जुड़ी कुछ प्रविष्टियों में कई संशोधन किए थे।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन



### सीतारमण बोलीं–सरकार का नए एवं तेजी से बढ़ते उद्योगों पर जोर


# भारत 2027-28 तक होगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था, 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र

**गांधीनगर (भाषा)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और यह वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ एक विकसित राष्ट्र होगा। भारत इस समय लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं। सीतारमण ने यहां 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के 100 साल 2047 में पूरा होने तक के अमृतकाल में नए एवं तेजी से बढ़ते उद्योगों पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की एफडीआई नीति ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने में मदद की है और पिछले नौ वर्षों में 595 अरब डॉलर का निवेश आया है। उन्होंने कहा, ''संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी।

### पीएम मोदी ने किया समिट का उद्घाटन, दिग्गजों का जमावड़ा



### रिलायंस हजीरा में पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही : मुकेश अंबानी



रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि 'मोदी है तो मुमकिन है' का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है। मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस हजीरा में भारत की पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही है।

### अगले 5 साल में 2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे : गौतम अडाणी



अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा- 2014 के बाद से भारत की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। जी20 नेतृत्व ने एक मापदंड स्थापित किया है। हमारे प्रधानमंत्री, भविष्यवाणी नहीं करते, बल्कि भविष्य को आकार दे देते हैं। मुझे विश्वास है कि 2047 तक भारत पूर्ण विकसित हो जाएगा। 2025 तक 55 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने का टारगेट था, जिसमें करीब 50 हजार करोड़ का निवेश हो चुका है। इसके अलावा हम कच्छ के खावडा में 30 गीगावॉट का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट लगाने जा रहे हैं। हम ग्रीन सप्लाई चैन के अंतर्गत सौर पैनल, विंड टरबाइन, कॉपर और सीमेंट प्रोजेक्ट्स को भी आगे बढ़ाने वाले हैं।

### विकसित भारत के सपने को पूरा करने को तैयार: लक्ष्मी मित्तल



स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल ने कहा- आत्मनिर्भरता में स्टील की अहम भूमिका है। गुजरात में 4 साल पहले प्रधानमंत्री ने हजीरा प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो 2026 तक पूरा होगा। दूसरे चरण के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए हैं। हजीरा 24 मिलियन टन स्टील उत्पादन करने वाली साइट होगी। हम इस्पात, नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में भी निवेश कर रहे हैं। अगले 20 साल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए तैयार हैं।

### पीएम मोदी का भरपूर समर्थन मिला : तोशिजो सुजुकी



सुजुकी के प्रेसिडेंट तोशिजो सुजुकी ने कहा- पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भरपूर समर्थन मिला है। ऑटोमोबाइल बाजार में भारत ने तेजी से तरक्की की है। भारत में उत्पादन क्षमता भी बढ़ी है। 10 सालों में हमें यहां उम्मीद से ज्यादा ग्रोथ मिली है। इसलिए हम यहां और निवेश करेंगे। हम भारत में व्हीकल का उत्पादन करेंगे और जापान और यूरोपीय देशों को निर्यात करेंगे। इसके साथ ही हम ईवी का प्रोडक्शन भी तेजी से बढ़ाएंगे। वहीं, हम दूसरे प्लांट के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं।

### ट्रेड शो का भी आयोजन

यहां पर ट्रेड शो का भी आयोजन किया गया है। ट्रेड शो का



उद्घाटन मंगलवार को पीएम मोदी ने किया था। इसमें 20 देशों के 1,000 से अधिक एग्जिबिटर्स शामिल हुए हैं। 34 देश पार्टनर के रूप में भाग ले रहे हैं जबकि लगभग 100 देश विजिटिंग ट्रेड शो के रूप में भाग ले रहे हैं। ट्रेड शो 10-11 जनवरी को बिजनेस विजिटर्स के लिए और 12-13 जनवरी को जनता के लिए खुला रहेगा। आयोजन स्थल में विभिन्न विषयों पर आधारित 13 हॉल है - जिनमें 'मेक इन गुजरात' और 'आत्मनिर्भर भारत' शामिल हैं।



### धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाएगी टाटा

टाटा ग्रेप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने गुजरात के धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की योजना की घोषणा की। इसके अलावा, समूह अगले दो महीनों में साणंद में लिथियम-आयन बैटरी के लिए 20 गीगावॉट गीगाफैक्ट्री शुरू करने के लिए तैयार है। धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब के लिए बातचीत पूरी होने वाली है, जिसका ऑपरेशन 2024 में शुरू होने की उम्मीद है।

### समिट में ये विशेष

- समिट की परिकल्पना 2003 में तत्कालीन सीएम नरेंद्र मोदी के अंडर की गई थी। पहला एडिशन 45 देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ आयोजित किया गया था।
- वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का 10वां एडिशन 'गेटवे टू द फ्यूचर' थीम के साथ 10 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। यूएई प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान उद्घाटन समारोह के चीफ गेस्ट रहे।
- समिट के स्पेशनल फोकस एरियाज में वूमन एम्पावरमेंट, एमएसएमई डेवलपमेंट, न्यू टेक्नोलजी, ग्रीन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबल एनर्जी शामिल हैं। समिट में वर्ल्ड लेवल पर प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और कॉन्फ्रेंस सहित अन्य इवेंट होंगे।

## खबर संक्षेप

### सिसोदिया-संजय सिंह की हिरासत 20 तक बढ़ी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति घोटाले के आरोपी आप नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाया कि दोनों को 20 जनवरी तक कस्टडी में रहना होगा। दोनों की हिरासत बुधवार को खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें एक साथ कोर्ट में पेश किया गया। उधर, कोर्ट ने राज्यसभा चुनाव लड़ रहे संजय सिंह को 12 जनवरी को दोपहर दो बजे रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंचकर इलेक्शन सर्टिफिकेट लेने की इजाजत दी है। इसके अलावा, कोर्ट ने उनके करीबी सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दे दी है।

### म्यांमार से भारत में घुसे 104 सैनिकों को वापस भेजा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** म्यांमार में जातीय विद्रोही समूह के साथ सशस्त्र संघर्ष के दौरान मिजोरम भाग आए कुल 104 म्यांमार सैनिकों को वापस भेज दिया गया। सैनिकों के नवीनतम बैच को म्यांमार के सितवे तक हवाई मार्ग से भेजा गया। पिछले साल नवंबर से जनवरी के बीच भारतीय रक्षा अधिकारियों ने म्यांमार के 350 से अधिक सैनिकों को वापस भेजा है। म्यांमार के सैनिक जिन्हें तातमाडॉ के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय सीमा पार कर गए 6 जनवरी को दक्षिण मिजोरम के सियाहा जिले के लुंगपुक में प्रवेश कर गए थे।

## विवाद के बीच फैसला : मणिपुर सरकार ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मंजूरी दी

### कहा- कानून को देखते हुए सीमित संख्या में ही लोग शामिल हों

- यात्रा में शामिल होने वालों की संख्या और उनके नाम मजिस्ट्रेट ऑफिस को पहले से देने होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से ही शुरू होगी। राज्य सरकार ने बुधवार शाम इसकी मंजूरी दे दी। हालांकि जिला मजिस्ट्रेट के आदेश में कहा गया कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था को देखते हुए इस यात्रा में सीमित संख्या में ही लोग शामिल हों। इसके साथ ही यात्रा में शामिल होने वालों की संख्या और उनके नाम मजिस्ट्रेट ऑफिस को पहले से देना होंगे। आदेश में आगे बताया गया कि इंफाल पूर्वी जिले के एसपी ने एक रिपोर्ट



सौंपी है जिसमें कहा गया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उद्घाटन समारोह के दौरान भारी भीड़ होने की उम्मीद है। राज्य में मौजूदा कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, भारी भीड़ से समस्या पैदा हो सकती है। इसके अलावा इंफाल पूर्वी जिले में धारा 144 भी लागू है। आठ दिन पहले कांग्रेस ने इंफाल के हप्ता कांगजीबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति मांगी थी। लेकिन, पहले सुरक्षा का हवाला देते हुए प्रशासन ने यात्रा की अनुमति नहीं दी थी। इधर, दिल्ली में आज सुबह कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने इस यात्रा का रोड मैप और पैम्फलेट जारी किया।

### लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा: पायलट

**जयपुर (भाषा)।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस'जीतेगा और केंद्र में सत्तारूढ़ राजग को पराजय मिलेगी। यहां कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने यह बात कही। राज्य की करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तो चुनाव लड़ रहे अपने प्रत्याशी को मंत्री तक बनाया लेकिन मतदाताओं ने उसे हरा दिया।

## बिलकिस के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं

- सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने का दिया है निर्देश
- कोर्ट ने राज्य सरकार के रिहाई के फैसले को किया था रद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं है। गुजरात के दाहोद एसपी बलराम मीणा ने दावा किया है कि पुलिस के पास दोषियों के सरेंडर करने की जानकारी नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की कॉपी भी अब तक नहीं मिली है, जिसमें दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने को कहा गया है। दाहोद एसपी ने बताया कि सभी दोषी गुजरात के सिंगवाड के रहने वाले हैं। उनमें से कुछ अपने रिश्तेदारों से मिलने के



लिए आते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रणधीकपुर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था- गुजरात सरकार दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। कोर्ट ने दोषियों को 2 हफ्ते में सरेंडर करने को कहा है।

### कर्नाटक की झांकी को मंजूरी नहीं दिए जाने पर भाजपा-कांग्रेस में तकरार

**बेंगलुरु (भाषा)।** कर्नाटक की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का मौका केंद्र सरकार द्वारा न दिये जाने के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने बुधवार को कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार को इस मुद्दे के राजनीतिकरण की कोशिश करने के बजाय केंद्र से संपर्क करना चाहिए। विजयेंद्र ने संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक झांकी के मुद्दे का सवाल है, कर्नाटक को पिछले 14 वर्षों से अवसर मिला है। चूंकि हर राज्य को यह अवसर दिया जाना है, इसलिए कर्नाटक को इस बार मौका नहीं दिया गया है।'' पिछले साल जब कर्नाटक की झांकी के प्रस्ताव को शुरू में अनुमति नहीं मिली थी तो तत्कालीन भाजपा सरकार दिल्ली गई थी और अनुरोध किया था तथा यह सुनिश्चित किया था कि राज्य को मौका मिले। शिकारीपुरा के विधायक ने कहा, ''लेकिन इस बार राज्य सरकार ने ऐसा नहीं किया। जब उन्हें जानकारी मिली कि कर्नाटक को मौका नहीं मिल रहा है तो उन्हें इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय तुरंत केंद्र सरकार से संपर्क करना चाहिए था।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईई बहादुरगढ़ में सेक्टर-17 में मैटल्ड रोड की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 10.01.2024 18.01.2024 | 12.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416767348 ia.bahadurgarh@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी, औद्योगिक सम्पदा करनाल में सेक्टर-3 एक्सटेंशन में आर एंड आर पॉकिट में सड़कों और पीएचई सेवाओं अर्थात जलापूर्ति, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर सिस्टम का विकास। | 10.01.2024 31.01.2024 | 255.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829230 ia.karnal@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईई बहादुरगढ़ में सेक्टर-16 में मैटल्ड रोड की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 10.01.2024 18.01.2024 | 13.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416767348 ia.bahadurgarh@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-59, फरीदाबाद में स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु कार्य। | 08.01.2024 29.01.2024 | 59.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |
| 5 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-68, आईएमटी फरीदाबाद में पार्किंग, बूथ, क्योस्क और ढाबा स्थलों के वैद्युतीकरण कार्य हेतु कार्य। | 08.01.2024 29.01.2024 | 36.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | se.electrical@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/100/24067/I/88/6 दि. 10.01.24


### महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहे हैं पीएम मोदी : शिवराज चौहान

**करीमनगर (तेलंगाना) (भाषा)।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं और गरीबों के



कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं और वह भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। करीमनगर जिले के कोंडापलकला गांव में मंगलवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कदम उठाए गए हैं। चौहान ने कहा, ''एक ओर जहां शक्तिशाली, समृद्ध और खुशहाल भारत विकसित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हित को प्राथमिकता दी जा रही है।'' उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति के मामले में भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने वायरस को खत्म करने के लिए टीका तैयार किया था और लगभग 200 करोड़ खुराक निशुल्क दी गईं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा में प्रत्याशियों पर मंथन शुरू

## 2 फीसदी से कम जीत-हार वाली 48 सीटों पर दिग्गज नेताओं को उतारेगी भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन शुरू कर दिया है। मोदी की गारंटी का नैरेटिव सेट कर रही पार्टी जीत पक्की करने के लिहाज से उन 48 लोकसभा सीटों पर कद्दावर नेताओं को उतारने की योजना बना रही है, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर 2% से कम रहा था। भाजपा जिन सीटों पर 35-52% से ज्यादा के अंतर से जीती थी, वहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया जाएगा। पिछले चुनाव में 0.2 से 1.91%



तक कुल 48 लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार-जीत हुई थी। इनमें 10 उत्तर प्रदेश से है, जहां भाजपा जीती थी। 48 में से 27 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी 1% से कम अंतर से चुनाव जीते थे। जबकि जिन 50 सीटों पर जीत का अंतर 35% से अधिक रहा, उनमें 40 से ज्यादा पर भाजपा जीती थी। भाजपा के चुनाव अभियान से जुड़े नेता का कहना है कि ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम और बंगाल आदि में इस बार कद्दावर नेताओं को उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश-बिहार की कुछ सीटों पर भी ऐसा ही प्रयोग होगा। महाराष्ट्र-बिहार में सियासी समीकरण आंकड़ों के लिहाज से कठिन दिख रहे हैं, इसलिए यहां बड़े अंतर से जीती गई आधा दर्जन सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चटिया औलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 102.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | रामधारी पुत्र गिन्नी से सज्जन पुत्र माया से तालाब (पांच तालाब प्रणाली) तक नाला का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | ब्लॉक सोनीपत में गांव सलीमसर माजरा, भडाना, गुहणा, सलारपुर माजरा, चटिया, संदल कलां, संदल खुर्द और गांव ठरू में नाला 2×2 और 1.5 तथा 1.5 का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 156.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सिटवाली, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट में बरामदे का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.01.2024 | 57.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | इशरगढ़ - गांव इशरगढ़, ब्लॉक पिपली, जिला कुरुक्षेत्र में ई.आई. और पी.एच. कार्यों समेत सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 09.01.2024 30.01.2024 | 311.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज ढाण्ड, कैथल | गांव कौल में कपिल मुनि तीर्थ में लाल डोरा नं. 3597/1 में गेट, स्टेज, चारदिवारी, पेवर ब्लॉक का निर्माण + 2 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 17.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | गांव चकला दामोग कानेर ग्राम जी.पी. कोटी ब्लॉक मोरनी में गली का निर्माण + 1 कार्य। | 08.01.2024 15.01.2024 | 13.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | कैनाल कॉलोनी, हिसार में क्वार्टर नं. 1-ए से 5-ए तक व्हाइटवॉशिंग, डिस्टेम्परिंग, स्नोसेम और पेंटिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | 09.01.2024 19.01.2024 | 60.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज भुना फतेहाबाद | देहमान - गांव देहमान ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में संत कबीर भवन की चारदिवारी का निर्माण + 13 कार्य। | 05.12.2024 12.01.2024 | 76.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9355850099 DALBIRSINGH571974@GMAIL.COM |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | संवर्धन कैनाल पर आरडी 33.983 कि.मी. पर वी.आर. ब्रिज के निर्माण हेतु नये एचएसआर 2021 के अनुरूप विस्तृत आकलन और बीओक्यू, वर्किंग ड्राईंग, विस्तृत डिजाइनिंग, विस्तृत प्रोजैक्ट, उपलब्ध सरकारी भूमि और मौजूदा हैड रेगुलेटर स्ट्रक्चर्स के संदर्भ सहित पुलों के उपयुक्त अलाइनमेंट की फिक्सिंग और जीएडी की तैयारी, भू-तकनीकी जांच, क्षेत्र का टोपोग्राफिक सर्वेक्षण आयोजित करने हेतु परामर्शदायी सेवा। | 08.01.2024 18.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 8295173400 xeninddivn@yahoo.in |
| 11 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में काला आम्ब सढ़ौरा बराड़ा शाहबाद रोड (एसएच-04) पर 40 मिमी बीसी के मजबूतीकरण का प्रावधान आईडी 743. | 09.01.2024 29.01.2024 | 859.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भडाना, ब्लॉक सोनीपत जैडपी में कर्मबीर के मकान से मनोज पुत्र रमेश के खेत तक बीओई वे का निर्माण + 3 कार्य। | 09.01.2024 12.01.2024 | 46.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | कैंडल स्टिक, माचिस, क्लॉथ (मार्किंग), ब्लेड, सेलो टेप, रबर बैंड्स, थिन ट्विन थ्रेड, कैरी बैग (क्लॉथ), प्लास्टिक ट्रांसपेरेंट बॉक्स, प्लास्टिक कप, सेल्फ सीलिंग जिप लॉक। | 11.01.2024 18.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव रानिला में परशुराम चौपाल में हॉल का निर्माण (डी-प्लान) + 1 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 16.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, ब्लॉक बोंद कलां में एससी चौपाल का निर्माण। | 09.01.2024 16.01.2024 | 6.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/300/24093/I/88/6 दि. 10.01.24

## गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां जोरों पर, मार्चिंग अभ्यास में दिखा जोश



### परेड में पहली बार दिखेगा सुपर हरक्यूलिस विमान

● इस साल का गणतंत्र दिवस परेड कई मामलों में खास है। 26 जनवरी की परेड में इस बार एक विशाल विमान भी दिखेगा। इस विमान का नाम सी 130 जे सुपर हरक्यूलिस है। इसे इसी सप्ताह रात पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा पर 10,500 फुट की ऊंचाई पर इसे उतारा गया। ये विमान चीन से लगे दौलत बेग ओल्डी एडवांस लैंडिंग ग्राउंड पर भी उतारा जा चुका है। इस विमान की ऊंचाई क्रीब 12 मीटर है, यह 19 टन वजन उठा सकता है। 643 किलोमीटर की रफ्तार से उड़ सकता है, एक बार में 3,334 किमी तक उड़ान भर सकता है।

### कर्तव्य पथ पर दिखेगा नारी शक्ति का दम

● गणतंत्र दिवस परेड में सेना की नारी शक्ति भी कर्तव्य पथ पर अपना दम दिखाने के लिए तैयार है। कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति सबके साथ कदम से कदम मिलाती हुई नजर आएगी। पहली बार तीनों सेनाओं की महिला सैनिकों का साझा दस्ता उतर रहा है। इस दस्ते में 144 महिलाएं शामिल होंगी, जिनमें थल सेना की 60 और बाकी महिला सैनिक वायु सेना और नौसेना की होंगी। नौसेना के दस्ते में सिर्फ महिला अग्निवीर रहेंगी। यह परेड इसका प्रतीक है कि किस तरह महिलाएं वे तमाम किले तोड़ रही हैं, जो पहले सिर्फ पुरुषों के माने जाते थे।

# कथक नर्तकी बहनों से लेकर पायलट बनने का सपना देख रही छात्राएं एनसीसी शिविर में कैडेट से मिलीं

■ एनसीसी कैडेटों ने वार्षिक एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का हिस्सा बनने के अपने सपने, आकांक्षाएं और अनुभव साझा किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त जुड़वा बहनें रिद्धि और सिद्धि शर्मा यहां राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर में मार्चिंग अभ्यास से बहुत पहले एक-दूसरे से कदमताल कर रही हैं। ये दोनों बहन कक्षा आठवीं की छात्राएं हैं और उस कैडेट के समूह में शामिल थीं जिन्होंने यहां भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी द्वारा उनके लिए आयोजित स्वागत समारोह में हिस्सा लिया था। अकबर रोड स्थित 'एयर हाउस' में आयोजित समारोह के दौरान एनसीसी के विभिन्न निदेशालयों की चयनित टुकड़ियां मौजूद थीं। इनमें से कुछ कैडेट से बातचीत की और उन्होंने दिल्ली छावनी क्षेत्र में होने वाले वार्षिक एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का हिस्सा बनने के सपने, आकांक्षाएं और अनुभव साझा किए। तिरुवनंतपुरम के कॉलेज में पढ़ने वाली एनसीसी की एयर विंग कैडेट अंजलि जी ने कहा कि मेरा सपना भारतीय वायुसेना में शामिल होना और पायलट बनना है। अलप्पुझा की रहने वाली 19 वर्षीय लड़की ने कहा कि दिन में शिविर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वायुसेना प्रमुख के संबोधन ने उसे सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। एनसीसी निदेशालय (केरल और लक्षद्वीप) में उनकी साथी कैडेट का कहना है कि अंजलि मार्चिंग दस्ते के लिए चुनी गई उन कैडेट में से हैं, जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा होंगे। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने बारी-बारी से एनसीसी निदेशालय के प्रत्येक प्रतिनिधि के सदस्यों के साथ बातचीत की और उनसे पूछा, हाउ इज द जोश?, जिस पर कैडेट ने कहा कि हाई, सर''। शर्मा बहनों रिद्धि और सिद्धि ने कहा कि वायुसेना प्रमुख के शब्दों ने उन्हें जीवन में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया है। रिद्धि ने कहा कि हम दोनों प्रशिक्षित कथक नृत्यांगना हैं। एनसीसी प्रशिक्षण कठिन है, लेकिन यह हमारे लिए फायदेमंद है, खासकर जब हम स्कूल की छात्राएं हैं। सिद्धि ने कहा कि कथक और एनसीसी दोनों से अलग-अलग अनुभव है। कॉलेज छात्रा प्रियंका झा ने कहा कि एनसीसी एक 'मिनी इंडिया' की तरह है।

## खबर संक्षेप



### यूएस:डब्ल्यूएचओ बोर्ड में शामिल होंगे डॉ मूर्ति

**वाशिंगटन (भाषा)।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के कार्यकारी बोर्ड में अमेरिका के प्रतिनिधि के रूप में काम करने के लिए एक बार फिर भारतीय-अमेरिकी सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति को नामित किया है। मूर्ति (46) का नाम सीनेट को फिर से भेजा गया है क्योंकि इस पद पर नियुक्ति के लिए उनके नाम की पुष्टि अक्टूबर 2022 से सीनेट में लंबित थी।

### मालदीव के राष्ट्रपति ने चीनी समकक्ष से भेंट की

**बीजिंग (भाषा)।** पीएम मोदी के खिलाफ मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने बुधवार को अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात की। दोनों देशों ने पर्यटन सहयोग सहित 20 अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए और अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की घोषणा की।

### लाल सागर में हूतियों का सबसे बड़ा हमला

**दुबई (एजेंसी)।** यमन के हुती विद्रोहियों ने मंगलवार देर रात लाल सागर में नौकाओं को निशाना बनाते हुए ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया, इन हमलों में फिलहाल किसी पोत के क्षतिग्रस्त होने की सूचना नहीं है। अफसरों ने कहा कि हमला यमन के बंदरगाह शहर होदेइदा और मोखा के पास हुआ। खुफिया कंपनी ने बताया कि होदेइदा में नौकाओं ने मिसाइल और ड्रोन देख कर इसकी जानकारी अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के युद्धपोतों को दी।

## पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने सुनाया फैसला

# मौत के बाद भी मुशर्रफ की फांसी की सजा बरकरार

भाषा ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने दिवंगत पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ को राजद्रोह मामले में 2019 में एक विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को बुधवार को बरकरार रखा। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के सूत्रधार और पाकिस्तान के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ का लंबी बीमारी के बाद पिछले साल पांच फरवरी को दुबई में निधन हो गया। 79 वर्षीय मुशर्रफ दुबई में अमाइलॉइडोसिस के लिए उपचार करा रहे थे। वह अपने देश में मुकदमों से बचने के लिए 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। पाक के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह, न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह भी शामिल थे।

■ देश में मुकदमों से बचने के लिए 2016 से स्व-निर्वासन में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे

**खास बातें**

- राजद्रोह मामले में 2019 में एक विशेष अदालत ने सुनाई थी मौत की सजा
- पाक के अंतिम सैन्य शासक मुशर्रफ का लंबी बीमारी के बाद पिछले साल पांच फरवरी को दुबई में निधन हो गया

**2005 की भारत दौरे के दौरान अजमेर की फोटो**



अजमेर। वर्ष 2005 में भारत के दौरे पर आए थे पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अजमेर। इस दौरान पाक सैन्य शासक अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह पर माथा टेकने पहुचे थे।

## नवाज के कार्यकाल में आपातकाल लगाया

### मुशर्रफ के उत्तराधिकारी कई नोटिस पर भी सुनवाई पर नहीं पेश हुए

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के कार्यकाल के दौरान नवंबर 2007 में आपातकाल लागू करने के 'असंवैधानिक' निर्णय के लिए मुशर्रफ के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किए जाने के बाद एक विशेष अदालत ने 17 दिसंबर, 2019 को पूर्व सैन्य शासक को मौत की सजा सुनाई। शीर्ष अदालत ने पूर्व शासक द्वारा मौत की सजा के खिलाफ दायर अपील पर फैसला सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व राष्ट्रपति की अपील को खारिज करते हुए कहा, ''मुशर्रफ के उत्तराधिकारी कई नोटिस पर भी सुनवाई पर नहीं आए।' मुशर्रफ के वकील सलमान सफदर ने कहा कि उन्होंने मुशर्रफ के परिवार से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन परिवार ने कभी उन्हें जवाब नहीं दिया।

### लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले को भी अमान्य व शून्य घोषित कर दिया

अदालत ने लाहौर उच्च न्यायालय के फैसले को भी ''अमान्य और शून्य'' घोषित कर दिया, जिसने विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को निलंबित कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला कानून के खिलाफ था। शीर्ष अदालत ने 29 नवंबर, 2023 को पिछली सुनवाई में कहा था कि 12 अक्टूबर, 1999 को मुशर्रफ द्वारा लगाए गए मार्शल लॉ को वैध ठहराने वाले न्यायाधीशों सहित उन सभी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अतहर ने यह भी टिप्पणी की थी कि जिन न्यायाधीशों ने 1999 में मुशर्रफ द्वारा मार्शल लॉ लागू करने को वैध ठहराया था, उन पर भी मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

**रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा**
भारत और ब्रिटेन रक्षा सीईओ गोलमेज बैठक

# भारत से सैन्य अभ्यास को हिंद महासागर में युद्धपोत भेजेगा ब्रिटेन : ग्रांट शाप्स



भाषा ▶▶| लंदन

ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को भारतीय सेना के साथ संचालन और प्रशिक्षण के लिए इस साल के अंत में हिंद महासागर क्षेत्र में रॉयल नेवी के युद्धपोतों को तैनात करने की योजना का खुलासा किया। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच प्रगाढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी।

### राजनाथ सिंह ने पीएम सुनक से मुलाकात की

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां 10 डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात कर विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। मुलाकात की जानकारी रखने वाले वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार वार्ता के एजेंडे में रक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय मुद्दे शामिल थे। इसके अलावा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर जारी वार्ता की प्रगति पर भी चर्चा की गई। सिंह ने सुनक के अलावा, विदेश मंत्री डेविड कैमरन से विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय में मुलाकात की।

# बच्चे का अंतिम संस्कार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दावा गला दबाकर की गई



सोमवार रात गोवा से बेंगलुरु जाने के दौरान पकड़ा था
■
बेंगलुरु के स्टार्टअप की सीईओ ने पुलिस से कहा
■
मैंने हत्या नहीं की, जब सोकर उठी तो बच्चा मर चुका था
■
चार साल के बच्चे का शव एक सूटकेस में मिला था
■
तकिया या किसी अन्य चीज का इस्तेमाल किया गया था

**बेंगलुरु/पणजी (भाषा)।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में उस चार-वर्षीय बच्चे का अंतिम संस्कार उसके पिता ने बुधवार को कर दिया, जिसकी हत्या कथित तौर पर उसकी मां ने ही कर दी थी। आरोपी मां सूचना सेठ बेंगलुरु की एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी है। वहीं दूसरी ओर गोवा पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि यह सुनियोजित हत्या का मामला हो सकता है। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमॉर्टम से सामने आया है कि दम घुटने से बच्चे की मौत हुई। ये काम तकिए या किसी कपड़े से किया गया। मृतक के पिता वेंकट रमन अपने बच्चे का शव चित्रदुर्ग से लेकर एक स्थानीय अपार्टमेंट पहुंचे, जहां उसके अंतिम संस्कार का शुरुआती क्रिया-कर्म किया गया। इसके बाद शव को राजाजी नगर स्थित हरिश्चंद्र घाट ले जाया लाया गया और वहां रमन ने उसका अंतिम संस्कार किया। बच्चे का पोस्टमार्टम मंगलवार को चित्रदुर्ग में हुआ था। सेठ को सोमवार रात को गोवा से बेंगलुरु जाने के दौरान पकड़ लिया गया था, जबकि बच्चे का शव एक सूटकेस में मिला था। उसे गोवा पुलिस के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था।

### अपराध में शामिल होने से इनकार

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपराध में शामिल होने से इनकार किया है और दावा किया कि जब वह सोकर उठी तो बच्चा मर चुका था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा के हमें उसकी बातों में विश्वास नहीं है। जांच से बच्चे की हत्या के कारण का पता चलेगा। फिलहाल हमें पता है कि उसके और उसके पति के बीच अनबन चल रही थी जिसकी वजह से उसने ऐसा किया होगा।'' पुलिस ने बताया कि महिला छह जनवरी को सर्विस अपार्टमेंट में आई थी।

### पाकिस्तान में हमलावर ने परिवार के 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**खैबर पख्तूनख्वा (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक गांव में पुलिस को एक घर में 11 लोगों के शव बरामद हुए हैं। यह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के जिले लक्की मारवत की है। पुलिस को एक साथ 11 शव मिले हैं। हमलावर ने एक ही परिवार के 11 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। परिवार के मृत सदस्यों में दो भाई, उनके बच्चे और उनके घर आया एक मेहमान शामिल है। घटना की सूचना परिवार के पड़ोसियों ने पुलिस को दी। इस घटना की जानकारी परिवार के सदस्य के घर आने के बाद हुई। जिला पुलिस प्रमुख तारिक हबीब ने बताया, प्रारंभिक जांच में आतंकवाद से किसी संबंध का पता नहीं चलता है।

### बीएसएफ महानिदेशक ने जम्मू में सुरक्षा स्थिति, सैनिकों की तैयारियों का जायजा लिया



**जम्मू (भाषा)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने बुधवार को सुरक्षा हालात की समीक्षा की तथा जम्मू के अग्रिम इलाकों में पाकिस्तान से सटी सीमा पर तैनात सैनिकों की अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। अग्रवाल ने साथ ही आईबी के पास के इलाकों का भी दौरा किया।

## इजराइल, फलस्तीनी नेताओं के लगातार संपर्क में है भारत : राजदूत कंबोज



**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** भारत ने कहा है कि वह इजराइल और फलस्तीन के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में है और पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से उसका ''स्पष्ट'' संदेश तनाव बढ़ाने से रोकना रहा है ताकि मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की जा सके और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में कहा, ''इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से बड़े पैमाने पर नागरिकों विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है और इसके एक खतरनाक मानवीय संकट पैदा हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है और हमने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की है।'उन्होंने कहा कि भारत इस बात से अवगत है कि इसका तात्कालिक कारण सात अक्टूबर को इजराइल में हुए आतंकवादी हमले थे।

# इस साल भारत समेत 50 से अधिक देशों में चुनाव

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत, रूस, ब्रिटेन समेत दुनिया के 50 से अधिक देशों में 2024 में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इन देशों में दुनिया की आधी आबादी रहती है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह वर्ष सबसे मजबूत लोकतंत्रों की भी परीक्षा लेने और तानाशाही रुझान वाले नेताओं के हाथों को मजबूत करने के लिए तैयार है। रूस, ताइवान और ब्रिटेन से लेकर भारत, अल सल्वाडोर और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों का मानवाधिकारों, अर्थव्यवस्थाओं, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और अस्थिरता से भरी दुनिया में शांति की संभावनाओं के हिसाब से व्यापक प्रभाव है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और पट्रंप के बीच संभावित दोबारा मुकाबला चुनावी कैलेंडर में बड़ा मुकाबला दिख रहा है।

### भारत में 2024 में मोदी की संभावना जता जा रहे

लंदन स्थित विचार समूह 'चैथम हाउस' की निदेशक ब्रॉनवेन मैडॉक्स के अनुसार इन चुनावों से मतदाताओं के बीच 'असंतोष, अधीरता, बेचैनी की मनोदशा' का आकलन होगा। चीन के दबाव में ताइवान में शनिवार को होने राष्ट्रपति पद और 113 सदस्यीय संसद के चुनाव के नतीजे का एशिया-प्रशांत क्षेत्र सहित अमेरिका पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। भारत में 2024 के आम चुनाव होने वाले हैं, जिसमें लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री मोदी की जीत की संभावना जताई जा रही है। मेक्सिको दो जून को होने वाले चुनाव में अपनी पहली महिला राष्ट्रपति चुनने के लिए तैयार है। इंडोनेशिया में मतदाता 14 फरवरी को राष्ट्रपति जोको के उत्तराधिकारी का चयन करने वाले हैं। पाक में आठ फरवरी को चुनाव होगा। मार्च में रूस में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है।

# नौसेना प्रमुख ने किया अडाणी के पहले स्वदेशी यूएवी का अनावरण

भाषा ▶▶| हैदराबाद

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने बुधवार को भारतीय नौसेना के लिए स्वदेश निर्मित मानवरहित हवाई वाहन 'दृष्टि 10 स्टारलाइनर अनमैन्ड एरियल व्हीकल' का अनावरण किया। यूएवी के नौसेना समुद्री अभियानों में शामिल होने के वास्ते हैदराबाद से पोरबंदर के लिए रवाना होने के दौरान अनावरण समारोह का नेतृत्व भारतीय नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल आर. हरि कुमार ने किया जो 75 नौसेना कर्मियों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।




### समुद्री डाकुओं पर लगाम कसने के लिए नौसेना 'सक्रियता' से अपने बेड़े तैनात कर रही: एडमिरल

नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना समुद्री डाकुओं पर लगाम कसने और उन्हें उनके जल क्षेत्र में ही सीमित रखने के लिए सक्रिय रूप से अपने बेड़े को तैनात कर रही है। हरि कुमार ने कहा कि पिछले 40-42 दिनों के दौरान लाल सागर, उत्तरी और मध्य अरब सागर में मुख्य रूप से इजरायल के स्वामित्व या उसके ध्वज वाले अथवा उससे संबंधित जहाजों पर लगभग 35 ड्रोन हमले हुए हैं। नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि भारत के निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से काफी संख्या में यूएवी हैं और इसलिए, दूरदर्शिता यही है कि देश और उसके सशस्त्र बल इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें।

# बच्चे को स्क्रीन से दूर ले जाने और खतरनाक 'तकनीकी नखरों' से बचने के लिए विकल्प दें

**मेलबर्न(एजेंसी)।** कई ऑस्ट्रेलियाई माता-पिता इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उनके बच्चे स्क्रीन देखने में कितना समय बिताते हैं। हालाँकि मनोरंजन और शिक्षा के लिए उपकरणों पर कुछ समय बिताना ठीक है, हम यह भी जानते हैं कि बच्चों के लिए टीवी और उपकरणों से दूर रहकर अन्य काम करना भी महत्वपूर्ण है। इसका मतलब है कि कई परिवारों के लिए, बच्चों को उनकी स्क्रीन से दूर रखने औरतकनीकी नखरे से बचने के लिए हर दिन मेहनत करनी होती है। हमारा नया शोध यह देखता है कि माता-पिता और देखभालकर्ता किस प्रकार बच्चों की मदद कर सकते हैं जिसे शोधकर्ता प्रौद्योगिकी परिवर्तन कहते हैं। हम यह पता लगा रहे हैं कि प्रौद्योगिकी परिवर्तन में बच्चों की सहायता कैसे की जाए। प्लेग्रुप डब्ल्यूए के साथ मिलकर, हमने बच्चों को प्रौद्योगिकी से दूर ले जाने के विभिन्न तरीकों का पता लगाने के लिए 14 अभिभावकों के एक समूह के साथ काम किया। परिवारों ने प्रौद्योगिकी परिवर्तन के समर्थन के लिए अपनी शीर्ष तीन रणनीतियों की सूचना दी।



माता-पिता ने बच्चों को पसंद आने वाले संगीत व गीतों का सफलतापूर्वक उपयोग किया
■
प्रौद्योगिकी से दूर ले जाने के लिए 14 अभिभावकों के एक समूह के साथ काम किया

## प्रौद्योगिकी परिवर्तन के लिए शीर्ष तीन रणनीतियां बनाएं

### बच्चों को तैयार करें

हम फिल्म देख रहे हों व अचानक उसे रोक दे तो हम परेशान हो जाएंगे। इसी तरह, बच्चे भी बहुत नाराज और निराश महसूस कर सकते हैं, खासकर जब वे किसी खेल का आनंद ले रहे हों या पसंदीदा सामग्री देख रहे हों। इसलिए बच्चों को तैयार करना होगा और उन्हें बताना होगा कि स्क्रीन के साथ उनका समय कब खत्म होगा।

### रुचि का उपयोग

बच्चों को प्रौद्योगिकी से गैर-डिजिटल गतिविधियों की ओर बढ़ने में मदद करने के लिए जो देख रहे हैं उसमें उनकी रुचि का उपयोग कर सकते हैं। जैसे बच्चा ब्लू देख रहा है, तो आप उन्हें ब्लू पहेली को पूरा या कुछ ब्लू गेम जैसे कि कीप अप्पी, ऑब्स्टैकल कोर्स को रोल-प्ले कर सकते हैं। बच्चों को पसंद आने वाले संगीत और गीतों का भी उपयोग किया।

### वे बदलाव में अकेले नहीं

बच्चों को विकल्प कारगर हो सकता है। बच्चों के जीवन के कई पहलुओं का प्रबंधन उनके लिए किया जाता है, स्कूल या प्री-स्कूल कब जाना है, उन्हें क्या पहनना है व कार में सीट बेल्ट का उपयोग करना है। जब संभव हो बच्चों को उनके जीवन में कुछ विकल्प देना सहायक होता है। माता-पिता बच्चों के साथ स्क्रीन और प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि यदि बदलाव कठिन लगता है तो वे अकेले नहीं हैं। ऐसी रणनीतियां मदद कर सकती हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25